सांध्य दैनिक
# भारत मत
Web- www.bharatmatepaper.com
■ ग्वालियर ■ झांसी ■ भोपाल से एक साथ प्रकाशित
भोपाल, सोमवार 27 अक्टूबर 2025 कार्तिक शुक्लपक्ष-6, संवत 2082, वर्ष-13 अंक-228 कुल पृष्ठ-8
मूल्य-₹ 2.00
Email- editorbharatmat@gmail.com

**मौसम**

| ग्वालियर | भोपाल |
|---|---|
| अधि. 22.0 | अधि. 28.0 |
| न्यून. 20.0 | न्यून. 21.0 |


सिनेमा@पेज-07

## यशोदा मेडिसिटी का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली।** भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी परिसर में स्मारक पट्टिका का अनावरण कर परियोजना की शुरुआत की। यशोदा मेडिसिटी की शुरुआत के मौके पर राष्ट्रपति के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल भी मौजूद रहीं। यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पी.एन. अरोड़ा ने इस मौके पर अतिथियों का स्वागत किया। इसके पहले डॉ. अरोड़ा ने बताया था कि यशोदा मेडिसिटी अत्याधुनिक तकनीक, अनुभवी चिकित्सकों और प्रशिक्षित स्टाफ से सुसज्जित है। यह न केवल आधुनिक चिकित्सा सेवाओं का केंद्र बनेगा, बल्कि मरीज-केंद्रित देखभाल और स्वास्थ्य जागरुकता का भी प्रतीक होगा। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल बीमारियों का उपचार नहीं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना भी है।

## ओडिशा सरकार ने 1.46 लाख करोड़ के 33 निवेश प्रस्तावों को दी मंजूरी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण (एचएलसीए) और मुख्य सचिव मनोज आहूजा की अध्यक्षता में एकल खिड़की मंजूरी समिति (एसएलडब्ल्यूसीए) की बैठक में 33 निवेश प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। एचएलसीए ने 12 प्रस्तावों के लिए 1,41,993.54 करोड़ रुपये का निवेश मंजूर किया, जिससे लगभग 49,745 रोजगार सृजित होंगे। एसएलडब्ल्यूसीए ने 4,019.53 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी, जिससे 16,590 रोजगार की संभावना है। सुंदरगढ़ जिले में 84,000 करोड़ रुपये की अदाणी परियोजना से 36,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री मांझी ने कहा कि यह निवेश ओडिशा की प्रगतिशील नीतियों, तेज़ प्रशासन और निवेश के लिए तैयार माहौल का प्रतीक है।

## 1 नवंबर से जीएसटी पंजीकरण होगा सरल, तीन दिन में मिलेगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 नवंबर से सरलीकृत जीएसटी पंजीकरण प्रणाली लागू करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि नई प्रक्रिया के तहत नए आवेदकों को तीन कार्य दिवसों में पंजीकरण मंजूर कर दिया जाएगा। यह सुधार जीएसटी 2.0 के तहत लाया गया है और इसका उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाना तथा मानव हस्तक्षेप को कम करना है। नई प्रणाली में पंजीकरण दो प्रकार से स्वचालित होगा। पहला, वे आवेदक जिन्हें सिस्टम द्वारा जोखिम और डेटा विश्लेषण के आधार पर चुना गया है। दूसरा, वे जिन्होंने स्वयं आकलन किया कि उनकी मासिक आउटपुट कर देयता 2.5 लाख रुपए से अधिक नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा कि लगभग 96 प्रतिशत नए आवेदक सीधे इस सरलीकृत प्रक्रिया का लाभ उठा सकेंगे। सीतारमण ने कहा कि अब सरकार का ध्यान नीति निर्माण से क्रियान्वयन की ओर बढ़ रहा है। कर अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे करदाताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें और कर चोरी के मामलों में सख्ती बनाए रखें। उन्होंने जोर दिया कि सिस्टम को विवेक से नहीं, बल्कि व्यवस्थित रूप से काम करना चाहिए।

## रिलायंस और मेटा ने भारत में नई एआई जॉइंट वेंचर की घोषणा की

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने मेटा प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक) के साथ मिलकर रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड नाम से एक नई एआई कंपनी बनाने की घोषणा की है। इस कंपनी का उद्देश्य भारत में बड़े व्यवसायों के लिए उन्नत एंटरप्राइज एआई सेवाओं और टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस प्रदान करना है। नई पहल से डिजिटल टेक्नोलॉजी और एआई क्षेत्र में रिलायंस की पकड़ को और मजबूत करने की उम्मीद है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रिलायंस इंटेलिजेंस आरईआईएल में 70 फीसदी हिस्सेदारी रखेगी, जबकि मेटा (फेसबुक) का हिस्सेदारी 30 फीसदी होगी। दोनों कंपनियां मिलकर लगभग 855 करोड़ रुपए का प्रारंभिक निवेश करेंगी। शुरुआत में रिलायंस ने आरईआईएल को 2 करोड़ रुपए की पूंजी के साथ अपनी पूरी सब्सिडियरी के रूप में शामिल किया है। बाद में समझौते के अनुसार, यह पूरी तरह से जॉइंट वेंचर बन जाएगा। रिलायंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में स्पष्ट किया है कि यह सौदा किसी प्रकार के संबंधित पार्टी ट्रांजैक्शन में नहीं आता और कंपनी के प्रमोटर या समूह का इसमें कोई व्यक्तिगत हित नहीं है।

### मध्य प्रदेश, गुजरात, दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश

# देश में 3 सिस्टम एक्टिवःअमरेली में 6 इंच बारिश साइक्लोन मोन्था के चलते आंध्र में स्कूल बंद

नई दिल्ली, एजेंसी

देश से 15 अक्टूबर को मानसून की आधिकारिक विदाई हो चुकी थी, लेकिन 3 सिस्टम एकसाथ एक्टिव होने से इसका असर मध्य प्रदेश समेत 15 राज्यों में अगले 4 दिन तक नजर आएगा। यहां तेज हवाओं के साथ बारिश भी हो सकती है। पिछले 24 घंटों से देश के 90त्न इलाके में बादल छाए रहे। कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश भी हुई। मध्य प्रदेश, गुजरात, दक्षिण भारत के राज्यों में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिम विक्षोभ एक्टिव होने से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड में भी बारिश होगी। साथ ही 6 नवंबर के बाद बर्फबारी होने की संभावना है। अरब सागर में बने सिस्टम के कारण गुजरात के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। अमरेली के राजुला में सोमवार सुबह 6 से 8 बजे के बीच दो घंटे में 6 इंच बारिश दर्ज की गई। वहीं, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र (डीप डिप्रेशन) धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। सोमवार को इसके समुद्री तूफान चक्रवात मोन्था में बदलने की संभावना है। इसका केंद्र अभी विशाखापट्टनम से 830 किमी पूर्व दिशा में है। आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके कारण सोमवार को स्कूल बंद रखे गए हैं।



**पहला-** पूर्वी तट पर तूफान मोन्था मंगलवार रात पहुंचने वाला है। यह आंध्र के मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाड़ा के आसपास तट से टकराएगा।

**दूसरा-** पूर्व मध्य अरब सागर में रविवार को बना मौसमी सिस्टम डीप डिप्रेशन में तब्दील हो चुका है, लेकिन गुजरात की बढ़ने की बजाय अब मुड़कर तटों से दूर जा रहा है। इससे गुजरात के कुछ जिलों के लिए अगले 24 घंटे के दौरान रेड अलर्ट कर दिया गया है।

**तीसरा-** पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) के रूप में सोमवार को उत्तरी हिमालय के पहाड़ी राज्यों में दस्तक देने वाला है। इससे पहाड़ों पर बर्फबारी के साथ ही नवंबर के पहले हफ्ते में 3-4 डिग्री तापमान गिर सकता है।

### चक्रवात मोन्थाः आज 3 राज्यों में रेड अलर्ट



दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में बना डीप डिप्रेशन धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है और सोमवार को इसके समुद्री तूफान और मंगलवार को गंभीर समुद्री तूफान में बदलने की संभावना है। इसका केंद्र अभी विशाखापट्टनम से 830 किमी पूर्व की दिशा में है। अनुमान है कि तूफान के जमीन से टकराते समय हवा की गति 100 से 110 किमी प्रति घंटा होगी। आंध्र, ओडिशा, तमिलनाडु में रेड अलर्ट जारी किया गया है। जबकि आंध्र, तमिलनाडु, ओडिशा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, यूपी, पश्चिम बंगाल में 3-4 दिन तेज बारिश की संभावना है।

### राज्यों में मौसम का हाल...

**मध्यप्रदेश के 20 जिलों में बारिश, श्योपुर में सबसे ज्यादा-उज्जैन, ग्वालियर-चंबल के 8 जिलों में आज गिरेगा पानी; भोपाल-इंदौर में बूंदाबांदी होगी:** मौसम में डिप्रेशन (कम दबाव) और ट्रफ की एक्टिविटी होने से मध्यप्रदेश में बारिश का दौर चल रहा है। रविवार को 20 से ज्यादा जिले तरबतर हो गए। श्योपुर में 9 घंटे में ही 2 इंच पानी गिर गया। भोपाल-इंदौर में पूरे दिन रिमझिम बरसात होती रही। ऐसा ही मौसम सोमवार को भी बना रहेगा।

**ओडिशा:15 जिलों में तूफान का असर, स्कूल-आंगनबाड़ी बंद:** ओडिशा सरकार ने तटीय इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है। 8 जिलों में 128 डिजास्टर एक्शन टीम तैनात हैं। तूफान का लैंड फॉल 28 अक्टूबर की शाम या रात को आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा के पास हो सकता है। सरकार ने 24 ह्रष्ठक्रस्न, 5 ह्रष्ठक्रस्न और 99 फायर सर्विस टीमों के 5 हजार कर्मचारी तैनात किए हैं। मछुआरों को समुद्र से दूर रहने का कहा गया है। संवेदनशील जिले के आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूल 30 अक्टूबर तक बंद रहेंगे।

## निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे तेज रफ़्तार कार दुर्घटनाग्रस्त, सात लोग घायल

हरदोई ■ एजेंसी

उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पर वाहन चलाना प्रतिबंधित होने के बावजूद एक तेज रफ़्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना हरदोई, हरपालपुर के ग्राम इकनौरा के पास निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पर हुई। शनिवार देर रात तेज रफ़्तार कार अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे से नीचे खाई में जा गिरी और पलट गई। पुलिस के अनुसार, चालक ने कार की अधिक रफ़्तार के कारण संतुलन खो दिया। हादसे में सात लोग घायल हुए, जिसमें साले-बहनोई भी शामिल हैं। फर्रुखाबाद के ग्राम कनकापुर के मोहित मिश्रा (जो कार चला रहे थे), उनके साले संदीप पांडेय, साढ़ू पुनीत शुक्ला, बड़े भाई कुलदीप, भाभी कोमल, भतीजा यश, और भतीजी अंशिका। राहगीरों और पुलिस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। कुलदीप, संदीप, और कोमल की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। मोहित मिश्रा कानपुर से दवा लेकर घर (फर्रुखाबाद) लौट रहे थे। बता दें कि गंगा एक्सप्रेस-वे अभी यातायात के लिए बंद है और इस पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है।

### नशे में डिवाइडर से भिड़कर मौत, बाइक समेत बस के नीचे आया; जिंदा जले 20 यात्री

# आंध्र हादसा-बस से बाइकर नहीं, उसकी लाश टकराई थी



कुर्नूल ■ एजेंसी

आंध्र प्रदेश पुलिस ने रविवार को पुष्टि कर दी कि कुर्नूल बस हादसे की वजह बने बाइक सवार दोनों व्यक्ति नशे में थे। बाइक का पहले ही एक्सीडेंट हो चुका था। बाइक सवार हरिशंकर भी रोड डिवाइडर से टकराने के कारण मर चुका था। पीछे बैठा स्वामी सड़क पर पड़ी बाइक और शंकर को हटा पाता, इससे पहले ही तेज रफ्तार बस आ गई। बाइक बस में फंस गई और करीब 200 मीटर तक घिसट गई। जिससे उसका फ्यूल टैंक फट गया और आग लग गई।

हादसे की यह पूरी कहानी हरिशंकर के साथ बाइक पर पीछे बैठे एरी स्वामी ने पुलिस को बताई। लगातार दो दुर्घटनाओं और बस में आग लगने के बाद स्वामी डरकर अपने गांव तुग्गली चला गया था। बाद में पुलिस ने स्वामी से पूछताछ की। पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो भी इन्हीं दोनों का है, जिसमें हरिशंकर नशे में नजर आया था। 24 अक्टूबर की सुबह एनएच-44 पर चिन्नातेकुरु गांव के पास बस में आग लगने से 20 लोगों की जलकर मौत हो गई थी। 19 यात्रियों ने बस से कूदकर जान बचाई थी। डीआईजी कोया प्रवीण ने बताया कि हमें फोरेंसिक टीम से पुष्टि मिली है कि बाइक सवार दोनों व्यक्ति हरिशंकर और एरी स्वामी नशे में थे। स्वामी ने शराब पीने की बात भी स्वीकार की है। उसने बताया कि हरिशंकर 24 अक्टूबर की देर रात करीब 2 बजे लक्ष्मीपुरम गांव से बाइक पर स्वामी को तुग्गली गांव छोड़ने के लिए निकला था।

### वायरल वीडियो में क्या था...

शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें कहा जा रहा था कि यह वही बाइक सवार है, जिसकी बस से टक्कर हुई थी। यह वीडियो एक पेट्रोल पंप का है। फुटेज में टाइमिंग 24 अक्टूबर की रात 2-22 बजे की है। पेट्रोल पंप पर मोटरसाइकिल पर दो शख्स दिखाई दे रहे थे। उनमें से एक बाद में नजर नहीं आता। थोड़ी देर बाद बाइक चला रहा एक शख्स तेज रफ्तार में ड्राइव करते हुए पेट्रोल पंप से निकलता है, उसका बैलेंस बिगड़ता है, लेकिन फिर किसी तरह बाइक संभालता है। कुर्नूल के एसपी विक्रांत पाटिल ने शनिवार को बताया था कि जब आग लगी और बस रुकी, तो ड्राइवर-क्लीनर पैसेंजर डोर से बाहर कूद गए थे। उन्हें हादसे की गंभीरता का अंदाजा नहीं था। आग से बचने के बाद लक्ष्मैया ने बस के निचले हिस्से में पहियों के बीच लगेज रैक में सो रहे दूसरे ड्राइवर को जगाया।

# स्ट्रीट डॉग केस, सुप्रीम कोर्ट बोला-देश की छवि खराब हुईः बंगाल-तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले में राज्यों के रुख पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तलब किया है। अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि केवल पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम ने ही अनुपालन हलफनामा (कार्रवाई की रिपोर्ट) दिया है। कोर्ट ने कहा- बाकी राज्यों ने अब तक यह बताने वाली रिपोर्ट दाखिल नहीं की है कि उन्होंने एनिमल बर्थ कंट्रोल नियमों के तहत क्या कदम उठाए हैं।22 अगस्त को हुई पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों से जुड़े केस का दायरा दिल्ली-एनसीआर से बढ़ाकर पूरे देश में कर दिया था और सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इसमें पार्टी बनाने का निर्देश दिया था। वहीं, कोर्ट ने कहा था, जिन कुत्तों को पकड़ा जाता है, उनकी नसबंदी और टीकाकरण कर जहां से उठाया है, वहीं वापिस छोड़ दिया जाए। हालांकि, रेबीज से संक्रमित और आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों को शेल्टर होम में ही रखा जाए। कोर्ट ने 11 अगस्त के 2 जजों की बेंच के उस आदेश को बेहद कठोर बताया था, जिसमें सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-हृष्टक्र के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा- इसके लिए नेशनल लेवल पर पॉलिसी बननी चाहिए। हमने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाया है।देश के बाकी हाईकोर्ट में जहां भी मामले लंबित हैं, उन्हें सुप्रीम कोर्ट ट्रांसफर किया जाए। अगली सुनवाई आठ हफ्ते बाद अक्टूबर के लिए लिस्ट कर दी है।

### अगली सुनवाई 3 नवंबर को




## अभिनेता सतीश शाह का पवन हंस श्मशान घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

मुंबई ■ एजेंसी



बॉलीवुड और टीवी जगत के दिग्गज अभिनेता सतीश शाह को अंतिम विदाई दी गई। उनका अंतिम संस्कार मुंबई के विले पार्ले स्थित पवन हंस श्मशान घाट पर हुआ। उनके निधन से पूरी फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर है। सतीश शाह के निधन पर टीवी और फिल्म जगत के कई कलाकारों ने शोक जाहिर किया। अभिनेता जम्नादास मजेठिया ने कहा, 'यह बहुत बड़ी क्षति है। वह बहुत ज्ञानी व्यक्ति थे। मैंने उनसे परसों ही बात की थी। वे बिल्कुल फिट थे, लेकिन उस दिन मुलाकात नहीं हुई, क्योंकि उन्होंने कहा था कि वे बहुत थके हैं और सोना चाहते हैं। बता दें कि सतीश शाह अपने करियर में 'ये जो है जिंदगी', 'साराभाई वर्सेस साराभाई' और 'मैं हूं ना' जैसी फिल्मों और धारावाहिकों से दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी। उनके निधन से मनोरंजन जगत ने एक हंसमुख, संवेदनशील और प्रेरणादायक कलाकार खो दिया है।

## दिल्ली दंगा मामले में शरजील और उमर की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

नई दिल्ली ■ एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट सोमवार, 27 अक्टूबर को दिल्ली दंगों की कथित साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में बंद कार्यकर्ताओं उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। इन कार्यकर्ताओं ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की पीठ के समक्ष होने की संभावना है। शीर्ष अदालत ने पहले ही 22 सितंबर को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि नागरिकों को विरोध प्रदर्शन की आड़ में हिंसा या षड़यंत्रकारी गतिविधियों की अनुमति नहीं दी जा सकती। अदालत ने माना कि इस मामले में आरोप गंभीर हैं और संगठित साजिश के संकेत नजर आते हैं।

**खास** भारतीय डिप्लोमेसी में समझदारी, उन्हें पता है कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं

# अमेरिका बोला- भारत की कीमत पर पाकिस्तान से दोस्ती नहीं

नई दिल्ली ■ एजेंसी

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को कहा कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ अपने रिश्ते को मजबूत करना चाहता है, लेकिन भारत की कीमत पर नहीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रुबियो ने बताया कि अमेरिका और पाकिस्तान पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करते रहे हैं, लेकिन इससे भारत के साथ उसकी अच्छी दोस्ती को कोई नुकसान नहीं होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत ने अमेरिका-पाकिस्तान की नजदीकी पर चिंता जताई, तो रुबियो ने कहा कि भारतीय डिप्लोमेसी में समझदारी है। वे जानते हैं कि हमें कई देशों से रिश्ते रखने पड़ते हैं। उनके भी कुछ देशों से रिश्ते हैं। यह समझदारी भरी विदेश नीति का हिस्सा है।



### ऑपरेशन सिंदूर के बाद मजबूत हुए पाकिस्तान-अमेरिका के रिश्ते

इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्ते काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नॉमिनेट भी किया।

वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितंबर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने इसी महीने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया था। रॉयटर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक पाकिस्तान चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं।

### पाक से फिर रणनीतिक दोस्ती बनाना चाहते हैं

पाकिस्तान के साथ अमेरिका के रिश्तों पर एक पत्रकार ने सवाल किया कि क्या यह दोस्ती इसलिए बढ़ी क्योंकि अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में मदद की। इस पर रुबियो ने कहा कि नहीं, मुझे लगता है हमने इससे पहले ही पाकिस्तान से बात शुरू की थी। हम उनके साथ रणनीतिक दोस्ती फिर से बनाना चाहते हैं। हमें लगता है कि हम कई चीजों पर एक साथ काम कर सकते हैं। रुबियो ने कहा- हमें पता है कि भारत-पाकिस्तान के बीच पुराने तनाव हैं, लेकिन हमारा काम है कि जितने देशों के साथ हो सके, दोस्ती के रास्ते ढूंढें। हम पाकिस्तान के साथ आतंकवाद के खिलाफ काम करते आए हैं और अब इसे और बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन यह भारत या किसी और के साथ हमारे अच्छे रिश्तों की कीमत पर नहीं होगा। रुबियो ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान के साथ हम जो कर रहे हैं, वह भारत के साथ दोस्ती को नुकसान नहीं पहुंचाएगा।

## सलमान खान को आतंकी बताने वाली चिट्ठी वायरल

इस्लामाबाद ■ एजेंसी

बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को आतंकी बताने वाला एक लेटर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि यह लेटर पाकिस्तान सरकार ने जारी किया है। डीडी न्यूज के मुताबिक, सलमान ने पिछले हफ्ते सऊदी अरब में एक इवेंट के दौरान बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग बताया था, जिसके बाद कथित तौर पर उन पर यह कार्रवाई की गई। लेटर में कहा गया है कि पाकिस्तान सरकार ने सलमान को एंटी-टेररिज्म एक्ट 1997 की चौथी सूची में डाल दिया है। ये सूची उन लोगों की होती है, जिन पर आतंकवाद से जुड़े होने का शक होता है। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस खबर को फेक बताया गया है। सलमान ने बलूचिस्तान से जुड़ा बयान 17 अक्टूबर को दिया था, जबकि लेटर पर 16 अक्टूबर की तारीख दर्ज है। इसके अलावा उसी नंबर का अन्य लेटर भी पाकिस्तान सरकार ने जारी किया था। इन सब के आधार पर दावा किया जा रहा है कि ये लेटर फेक है।



### सलमान सऊदी अरब में भारतीय फिल्मों पर बात कर रहे थे

सलमान, शाहरुख खान और आमिर खान के साथ 17 अक्टूबर को रियाद में जॉय फोरम 2025 में भारतीय फिल्मों की लोकप्रियता पर बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अगर आप यहां हिंदी फिल्म रिलीज करें, तो वह सुपरहिट होंगी।

### बलूच नेताओं ने सलमान की तारीफ की

बलूचिस्तान के कुछ नेताओं ने सलमान खान के इस बयान की तारीफ की है। बलूच नेता मीर यार बलोच ने कहा- सलमान ने बलूचिस्तान को अलग पहचान देकर 6 करोड़ बलूच लोगों का दिल जीत लिया। यह हमारी आवाज को दुनिया तक पहुंचाने जैसा है। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, लेकिन यहां के लोगों को बुनियादी जरूरतों के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ता है। पाकिस्तानी सेना पर आरोप है कि वो यहां के लोगों की जायज मांग को हथियार के दम पर कुचलती है।

## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुरा में 42 लाख रुपए से बनेंगी सड़कें व नालियां

**भोपाल।** महापौर मालती राय ने शाहपुरा सी-सेक्टर में 42 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सड़क एवं नालियों के निर्माण कार्य हेतु भूमिपूजन किया। महापौर मालती राय ने रविवार को वार्ड क्र. 51 के अंतर्गत शाहपुरा सी-सेक्टर में सीमेंट क्रांकीटीकृत सड़कों एवं नालियों के निर्माण हेतु भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा लगभग 42 लाख रुपये की लागत से उक्त निर्माण विकास कार्य कराए जा रहे है। महापौर राय ने इस अवसर पर कहा कि हम शहर के विकास हेतु सतत रूप से संकल्पित होकर कार्य कर रहे है और इसी क्रम में शाहपुरा क्षेत्र के रहवासियों को आवागमन की सुविधा के दृष्टिगत सड़कों का निर्माण तथा पानी की व्यवस्थित निकासी हेतु नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष स्नेहलता रघुवंशी, पूर्व सांसद आलोक संजर के अलावा भगवत रघुवंशी आदि सहित स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

### खेलो इंडिया-फिट इंडिया के संदेश को बढ़ाएं

**भोपाल।** नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा है कि खेलो इंडिया-फिट इंडिया के संदेश को बढ़ाएं और हर युवा को खेलों से जोड़ें। यह आह्वान सूर्यवंशी ने 69वें स्कूल स्टेट गेम्स-2025 का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने रविवार को राजधानी भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 69 वें स्कूल स्टेट गेम्स-2025 का मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। सूर्यवंशी ने जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए "खेलो इंडिया-फिट इंडिया" के संदेश को आगे बढ़ाने और हर युवा को खेलों से जोड़ने का आह्वान किया एवं सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सूर्यवंशी ने प्रारंभिक दौर के विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर पुरस्कृत किया।

### आरटीओ की कार्रवाई, 10 वाहनों से जुर्माना वसूला

**भोपाल।** परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) भोपाल ने राजधानी में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने यात्री बसों के इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग उपकरण (एक्सटिंग्यूशर) और परमिट शर्तों की विस्तृत जांच की। चेकिंग के दौरान कई वाहनों में गंभीर लापरवाहियां पाई गईं। आरटीओ टीम ने 10 वाहनों से कुल 1 लाख 88 हजार रुपए का शमन शुल्क (जुर्माना) वसूला। वहीं, तीन बसों में इमरजेंसी एग्जिट पूरी तरह ब्लॉक पाए जाने के कारण उनकी फिटनेस निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। अधिकारियों के अनुसार, इन बसों में आपातकालीन स्थिति में यात्रियों के बाहर निकलने का रास्ता बाधित था, जो सुरक्षा मानकों का गंभीर उल्लंघन है। सघन चकिंग अभियान के दौरान बसों में फायर एक्सटिंग्यूशर की अनुपस्थिति, एक्सपायर फर्स्ट एड किट और ओवरलोडिंग जैसी खामियां भी पाई गईं।

### भोपाल मेट्रो की शुरुआत को लेकर अनिश्चितता

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में एम्स से सुभाष नगर तक चलने वाली मेट्रो लाइन के संचालन को लेकर अब भी अनिश्चितता बनी हुई है, क्योंकि मेट्रो सेफ्टी रेल कमिश्नर (सीएमआरएस) जनक कुमार गर्ग का अंतिम निरीक्षण कार्यक्रम तय नहीं हो सका है। भोपाल मेट्रो के अधिकारियों ने बताया कि उनकी तकनीकी टीम भोपाल में रहकर परियोजना के हर हिस्से ट्रैक, सिग्नलिंग सिस्टम, स्टेशन बिल्डिंग और सुरक्षा प्रबंधन की जांच कर चुकी है। मेट्रो सेवा शुरू करने से पहले मेट्रो सेफ्टी रेल कमिश्नर (सीएमआरएस) सुरक्षा जांच करने आएंगे। निरीक्षण में सब कुछ मानक के अनुरूप पाया गया तो संचालन की मंजूरी मिल जाएगी। इसके बाद अगले ही दिन प्रदेश सरकार को सूचना दे दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि हमारी तैयारी पूरी है। संचालन की मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश सरकार उदघाटन का समय तय करेंगी। तय समय-सीमाएं मे कई बार हो चुकी है बढोत्तरी भोपाल मेट्रो का संचालन पिछले दो वर्षो से लगातार टलता जा रहा है।

## बच्चों की सायकल चुराने वाला चोर गिरफ्तार, 10 वारदातों का हुआ खुलासा



भारतमत संवाददाता, भोपाल

शहर की स्टेशन बजरिया पुलिस ने एक ऐसे चोर को गिरफ्तार किया है, जो घरों के बाहर खड़े बच्चों की सायकलों पर हाथ साफ कर देता था। आरोपी के पास से चोरी की गई 10 सायकलें बरामद की गई हैं। अपनी खोई हुई सायकलों को वापस पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती 24 अक्टूबर को इलाके में स्थित कृष्णा नगर कोच फैक्ट्री रोड़ बजरिया निवासी रवि शंकर द्विवेदी पिता मिथलेश द्विवेदी (33) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की उनके घर के बाहर दीवार से टिकी सायकल को अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है। जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ मामला कायम कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसमें संदेही नजर आ गया। फुटेज के आधार पर उसकी पहचान जुटाई गई, आखिरकार टीम ने संदेही आरोपी दिनेश केवट पिता किशन लाल केवट (30) निवासी हनुमान मंदिर के पास करारिया फार्म को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी के खुलासे के बाद पुलिस भी यह जानकर हैरान रह गई की आरोपी ने कई अन्य स्थानो से भी बच्चों की सायकिलें चोरी की है, उसकी निशानदेही पर पुलिस ने करीब एक लाख कीमत की 10 सायकलें बरामद की है।

## ग्वालियर के सॉफ्टवेयर इंजिनियर की कैरवा डैम में मिली लाश, भाई को मैसेज कर कहा-मैं सुसाइड करने जा रहा हूं

### मोबाइल और ऑन बैंकिंग एप, एटीएम के पासवर्ड भी भाई को भेजे, कोलार होटल से हुआ था लापता

भारतमत संवाददाता, भोपाल

राजधानी भोपाल की रातीबड़ थाना पुलिस ने केरवा डैम से ग्वालियर के रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवक की लाश बरामद की है। बताया गया है की वह तीन दिन पहले ही ग्वालियर से भोपाल आकर कोलार इलाके के एक होटल में ठहरा था, जहां से एक दिन पहले लापता हो गया था। इससे पहले उसने ग्वालियर में रहने वाले अपने भाई को अपने भोपाल में होने की जानकारी देने के साथ ही मैसेज कर बताया कि मैं सुसाइड करने जा रहा हूं। साथ ही मोबाइल और ऑन बैंकिंग एप सहित एटीएम के पासवर्ड भी भाई को भेज दिए थे। इसके बाद उसका भाई भोपाल आया और कोलार थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। शनिवार दोपहर को रातीबड़ पुलिस ने केरवा डैम से एक लाश बरामद की उसकी पहचान लापता इंजिनियर के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्वालियर लशकर का रहने



वाला 24 वर्षीय हर्ष तिवारी बेंगलुरु में रहकर सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का काम कर रहा था। 21 अक्टूबर को वो बेंगलुरू से ग्वालियर के लिए ट्रेन से निकला था। लेकिन दो दिन पहले ग्वालियर न जाते हर्ष भोपाल आकर कोलार इलाके में स्थित होटल प्राइड में ठहर गया। 23 अक्टूबर को उसने ग्वालियर में रहने वाले अपने भाई को मैसेज कर अपने भोपाल में होने के साथ ही सुसाइड करने की बात कही। मैसैज मिलने के बाद घबराया भाई भोपाल पहुंचा, आखिरी बार हर्ष ने अपने होटल के कमरे से भाई को मैसेज किए थे, इसलिये भाई ने शनिवार को हर्ष की गुमशुदगी कोलार थाने में दर्ज कराई।

### शहर के सारे थानों को जानकारी

शनिवार दोपहर को रातीबड़ पुलिस सूचना मिलने पर डैम से युवक की लाश बरामद की, शव की शिनाख्त के लिये शहर के सारे थानों को इसकी जानकारी दी गई। सूचना मिलने पर कोलार थाना पुलिस ने शव की पहचान उसके भाई से कराई। शुरूआती जांच के आधार पर पुलिस हर्ष की मौत को खुदकुशी मानकर चल रही है। हालांकि पुलिस को फिलहाल कोई सुसाइड नोट या ऐसा अन्य कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे कारणो का खुलासा हो सके। रातीबड़ पुलिस का कहना है, कि युवक की गुमशुदगी का प्रकरण कोलार थाने में दर्ज कराया गया था, इसलिये आगे की मर्ग जांच कोलार पुलिस करेगी।

# पीएम मोदी ने अपने कार्यों और नवाचारों से देश में किया सकारात्मक ऊर्जा का संचार : सीएम डॉ. यादव

### मन की बात कार्यक्रम-विविधता से भरे भारत का प्रस्तुत करती है लघु रूप

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री की मन की बात का किया श्रवण




भारतमत संवाददाता, भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के प्रसारण का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कोटरा सुल्तानाबाद स्थित कमला नेहरु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय निवासियों के साथ श्रवण किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को स्वदेशी की शपथ दिलाई। मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यों और नवाचारों के आधार पर देश में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है। मन की बात कार्यक्रम भारत का लघु रूप प्रस्तुत करती है। विविधता से भरे देश के विभिन्न राज्यों में क्या नया हो रहा है, यह इस कार्यक्रम से संक्षेप में ज्ञात होता है। राज्यों के कई नवाचार अनुकरणीय और प्रेरक होते हैं। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संस्कृत भाषा के प्रति युवाओं की बढ़ती रूचि का विशेष रूप से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर गुजरात में केवड़िया धाम पर्यटन के सुंदर और आकर्षण केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य सरकार का दल भी इन कार्यक्रमों में सहभागिता करेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम में देश राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 में वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में वृहद स्तर पर राष्ट्रक्ति से प्रेरित आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने युवाओं से भारतीय जनजाति गौरव के प्रतीक रहे महापुरुषों के जीवन पर आधारित साहित्य और पुस्तकों का अध्ययन कर उनके संघर्षों को जानने समझने का आहवान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में संस्कृत को प्रोत्साहित करने वाले अनेक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर का उल्लेख करते हुए उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भाषा किसी भी परंपरा के मूल्यों की वाहक होती है और संस्कृत ने यह कार्य वर्षों तक बखूबी किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि भारतीय नस्ल के श्वानों को भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में लोकप्रिय हो रही भारतीय कॉफी की भी चर्चा की।

### कार्यक्रम पूर्ण भव्यता के साथ 5 मंचों पर किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छठ पूजा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय परिवार परम्परा की सशक्त अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम पूर्ण भव्यता के साथ 5 मंचों पर किया जाएगा। यह भोपाल में उस युग को पुनः जीवंत करने का प्रयास है। सम्राट विक्रमादित्य के जन्म से लेकर उनके राज्यारोहण तक की सभी गाथाओं को एक सूत्र में पिरोया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित जनसमुदाय से स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में उत्साह के साथ सहभागिता करने का आहवान किया।

## अवैध रूप से शराब बनाने-बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग ने की कार्यवाही

भारतमत संवाददाता, भोपाल

शहर में शराब तस्करों द्वारा ग्रामीण इलाकों में बड़ी मात्रा में हाथभट्टी के जरिये अवैध रूप से शराब तैयार उसे खपाया जा रहा है। सूचना मिलने पर आबकारी विभाग टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए साढ़े तीन लाख की अवैध शराब बरामद की है। आबकारी अधिकारियो के अनुसार शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली थी, कि कोलार और आसपास की कॉलोनी व पंचायतों में अवैध शराब तैयार कर बेची जा रही है। टीम ने कोलार के ग्राम कजली खेड़ा, धोलीउम्मर, महाबड़िया, गोंडीपुरा में दबिश देते हुए 25 प्लास्टिक केनों में भरा 470 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया। कार्यवाही के दौरान ही 20 लीटर हाथभट्टी शराब बरामद कर मौके पर ही नष्ट की गई। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

## कटारा हिल्स में 8 नकाबपोश चोरों के उत्पात का मामला

### - चुराई गई दो बाइक और दो साइकलें थोड़ी दूरी पर मिली
### - फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश जारी

भारतमत संवाददाता, भोपाल

शहर के कटारा हिल्स और मिसरोद में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात नकाबपोश चोरों ने जमकर आतंक मचाया। कटारा में 7-8 बदमाशों ने एक मकान, एक दुकान में चोरी की। इसके बाद चार बाइक और दो साइकिलो पर भी हाथ साफ किया। जांच के दौरान घटनास्थल से थोड़ी ही दूरी पर दो बाइक और दो साइकिल



लावारिस पड़ी मिल गई। बदमाश सीसीटीवी में कैद हुए हैं। वहीं मिसरोद इलाके में 4-5 बदमाशों ने एक मल्टी के तीन सूने घरों के ताले चटकाकर लाखों का माल उड़ा दिया। दोनों घटनास्थल कवर्ड कैम्पस हैं। मिसरोद में तीन सिक्यूरिटी गार्ड भी लगे हैं, लेकिन उनको चोरी की भनक तक नहीं लगी। मामलो में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कटारा हिल्स पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार आधी रात करीब 2 बजे 7-8 बदमाश त्रिभुवन विहार कॉलोनी में दाखिल हुए। बदमाश कॉलोनी के पीछे खेत के रास्ते दीवार फांदकर अंदर घुसे थे। उन्होंने आर्मी से रिटायर्ड सूबेदार धीरज सिंह के सूने घर का ताला चटकाकर उन्होंने नकदी, सोने-चांदी के जेवर समेत करीब 3 लाख से अधिक का माल समेट लिया। धीरज इन दिनों छठ पूजा में शामिल होने के लिए परिवार समेत बलिया यूपी गए हैं। उनके भांजे विशाल ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस मकान से लगी मार्बल की दुकान को भी निशाना बनाते हुए चोर दुकान के भीतर घुसे और यहां से हजारों की नकदी बटोरकर ले गए। कॉलोनी में नकाबपोश बदमाश करीब आधा घंटे तक रहे। उन्होंने चार बाइक और दो साइकिल चोरी की। एक बाइक में सेंसर लगा था, चोरों ने जैसे ही इसे स्टार्ट करने के लिये उसका कनेक्शन डायरेक्ट किया वैसे ही वह लॉक हो गई। वहीं दूसरी बाइक को बदमाशों ने कुछ दूर ले जाकर उसे वहीं छोड़ कर फरार हो गए।

## एम्स भोपाल में ब्रेन डेड युवक बना पांच लोगों का सहारा

भारतमत संवाददाता, भोपाल

रविवार तड़के एम्स भोपाल के ऑपरेशन थिएटरों में एक साथ तीन ओटी में डॉक्टरों की टीमें सक्रिय थीं। एक तरफ 37 वर्षीय ब्रेन डेड युवक के अंगों को निकालने की प्रक्रिया चल रही थी, तो दूसरी ओर दूसरे ओटी में वही दिल और किडनियां तीन मरीजों में नई उम्मीद बनकर धड़कने जा रही थीं।

## भोपाल में लूट का ग्राफ बड़ा, चोरी नकबजनी के मामले में थोड़ी कमी आई

भारतमत संवाददाता, भोपाल

राजधानी में बीते दो सालों के मुकाबले इस साल बीते दस महीने में लूट का आंकड़ा बड़ा है। जबकि नकबजनी और चोरी के मामलों में कमी आई है। बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने और बदमाशों पर नकेल कसने 688 बदमाशों की गुंडा फाइल तैयार की जा चुकी हैं। वहीं 47 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट तैयार की गई है। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा के निर्देशनुसार अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस पॉलिसी का पालन किया जा रहा है। वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। बीते दिनों ड्रग तस्करों के खिलाफ मुहीम चलाकर कार्रवाई की गई थी। जानकारी के मुताबिक साल 2023 में डकैती की एक भी वारदात सामने नहीं आई थी। जबकि साल 2024 में डकैती की दो वारदातें दर्ज की गई थीं। वहीं इस साल जनवरी से अब तक भी डकैती का एक भी मामला दर्ज नहीं किया गया है।

## 70 साल के वृद्ध को सायबर ठगोरों ने लगाई 51 हजार की चपत

भारतमत संवाददाता, भोपाल

साइबर जालसाजों ने 70 वर्षीय वृद्ध, को अपने जाल में फंसाकर उनसे 51 हजार की ठगी कर ली। शातिरों ने उन्हें उनके एकांउट में 51 हजार की रकम ट्रांसफर किये जाने का फर्जी मैसेज भेजा और फिर बताये गये एकाउंट में रकम ट्रांसफर करा ली। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता एहसान इम्तियाज को अज्ञात आरोपी ने कॉल कर खुद को उनका पूर्व परिचित और स्कूल टीचर बताकर बातचीत करते हुए पहले तो उन्हें अपने भरोसे में लिया। इसके बाद उसने कहा की उसका एक परिचित इंदौर के अस्पताल में भर्ती है, और उसे फौरन ही 51 हजार रुपये की जरूरत है। इसके बाद ठग ने आगे कहा की टेक्निकल कारणो से उसके एकाउंट से उसके परिचित के खाते में पैसे ट्रांसफर नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए



वह एहसान के एकाउंट में पैसे भेज रहा है, वह यह रकम बताये गये परिचित के खाते में ट्रांसफर कर दे। उसकी बातों में आकर एहसान राजी हो गये। इसके बाद जालसाज ने एक फर्जी टेक्स्ट मैसेज बनाकर उन्हें भेजा, जिसमें 51 हजार रुपए उनके खाते में ट्रांसफर होने बताया गया। आरोपी के जाल में फंसे एहसान ने अपने एकाउंट का बैलेंस चैक न करते हुए फर्जी मैसेज को सही मानकर फौरन ही ठग के बताये एकाउंट में 51 हजार की रकम ट्रांसफर कर दी।

## रेप के आरोपी ने नाबालिग पीड़िता को अगवा कर की मारपीट

भारतमत संवाददाता, भोपाल

जहांगीराबाद थाना इलाके में दुष्कर्म के आरोपी द्वारा नाबालिग पीड़िता का अपहरण कर उस पर मामले में राजीनामा का दबाव डालने और पीड़िता द्वारा समझौते से इंकार करने पर उसके साथ मारपीट किये जाने की घटना प्रकाश में आई है। मिली जानकारी के मुताबिक ऐशबाग इलाके में रहने वाली 15 साल की किशोरी स्कूली छात्रा है। बीते दिनो उसने इकराम नामक आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते दिनों आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आया है। आरोप है कि दो दिन पहले शाम करीब 7 बजे आरोपी ने कोर्ट में चल रहे मामले में समझौता की बात कहते हुए पीड़िता को बातचीत करने के लिए जिंसी चौराहे पर बुलाया। इसके बाद आरोपी उसे बाइक पर बैठाकर गांधी नगर इलाके में ले गया। वहां आरोपी ने किशोरी पर कोर्ट में राजीनामा करने के लिये दबाव बनाया लेकिन पीड़िता ने समझौता करने से मना कर दिया। इस पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर डाली। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी की धरपकड़ के प्रयास कर रही है।

## पार्टी की आर्थिक स्थिति मजबूत करने हर विधानसभा में 25000 घरों से 100-100 रुपए जुटाएगी कांग्रेस

भारतमत संवाददाता, भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस अब पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के 25 हजार घरों से 100-100 रुपए जुटाएगी। इसके पीछे संगठन की सोच यह है कि एक तरफ जहां पार्टी के पास फंड की व्यवस्था होगी। दूसरी तरफ आर्थिक रूप से मदद करने वाले परिवारों से पार्टी के नेताओं का सीधा संपर्क होगा।



पचमढ़ी में 2 से 11 नवंबर तक एमपी कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की ट्रेनिंग होगी। इस दौरान प्रदेश के करीब एक हजार ब्लॉक अध्यक्षों के नामों की घोषणा करने की तैयारी है। 20 जिलों के ब्लॉक अध्यक्षों के नाम फाइनल हो गए हैं। एक हफ्ते में सभी ब्लॉकों के अध्यक्षों के नाम तय हो जाएंगे। वहीं, ट्रेनिंग कैंप के तुरंत बाद 60 दिनों का प्रोग्राम घोषित किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत कांग्रेस कमेटी और वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके लिए सभी नेताओं, पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

### जिलाध्यक्षों से वन-टू-वन करेंगे राहुल गांधी

पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद शामिल होंगे। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यक्रम 8 से 10 नवंबर के बीच संभावित है। 6 नवंबर को बिहार में पहले चरण का मतदान होना है। राहुल गांधी ट्रेनिंग के दौरान जिलाध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे, बल्कि उनसे वन-टू-वन भी करेंगे। जिसमें वे जिले की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर बात कर सकते हैं।

**खास** — अगले 2 दिन तक तेज बारिश का अलर्ट

# एमपी में बारिश, भोपाल-इंदौर में भी गिरा पानी; धार, बड़वानी, झाबुआ-अलीराजपुर में तेज बारिश का अलर्ट

भारतमत संवाददाता, भोपाल

मध्य प्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। भोपाल-इंदौर में शनिवार रात से ही रुक-रुककर बारिश हो रही है। उज्जैन में रविवार सुबह करीब 4 बजे बारिश शुरू हो गई, रात करीब 11 बजे तक हल्की बारिश का दौर चला। धार, बड़वानी, झाबुआ और अलीराजपुर में अगले 2 दिन तक तेज बारिश का अलर्ट है। इंदौर और उज्जैन में बूंदाबांदी होने का अनुमान है। प्रदेश के 24 जिलों में मौसम बदला रहेगा। रविवार सुबह श्योपुर जिले में जमकर पानी गिरा। सलवानिया बुखारी गांव में खेतों में काटकर रखी गई धान की फसल बह गई। किसान पानी से फसल



को बचाने की जुगत करते रहे।

### इन जिलों में सिस्टम का असर

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे के दौरान इंदौर संभाग के धार, बड़वानी, झाबुआ और अलीराजपुर में तेज बारिश हो सकती है। यहां ढाई से साढ़े 4 इंच तक पानी गिर सकता है। वहीं, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, आगर-मालवा, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, शाजापुर, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश, गरज-चमक और आंधी का अलर्ट है।

29 अक्टूबर तक ऐसा ही मौसम मौसम विभाग ने 27, 28 और 29 अक्टूबर तक बारिश, गरज-चमक और आंधी का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग में असर देखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछले कुछ दिन से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट देखने को मिली थी। खासकर रात का तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गया था, लेकिन अब तापमान बढ़ गया है।

### खरगोन में डेढ़, बैतूल में एक इंच पानी गिरा; भोपाल में रात को रिमझिम

मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हो गई। खरगोन में सबसे ज्यादा डेढ़ इंच और बैतूल में एक इंच पानी गिरा। भोपाल में रातभर रिमझिम बरसात हुई। उज्जैन और सागर में पौन इंच, मंडला और बालाघाट में भी आधा इंच पानी गिरा। दमोह, जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, शाजापुर, पांढुर्णा, धार, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, पचमढ़ी, रायसेन, श्योपुर, आगर-मालवा में भी बारिश रिकॉर्ड की गई।






## थ्री क्लेप से हुआ ग्वालियर में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव का आगाज

# रिपब्लिक ऑफ तूबा व एसटोनिया के कलाकार सड़कों पर थिरके, कार्निवाल में दिखा कला-संस्कृति का अनूठा संगम







भारतमत संवाददाता, ग्वालियर

उदभव सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्था का बहुप्रतीक्षित 20वां अंतर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव का आगाज हो गया। रविवार को रूप सिंह स्टेडियम से राजमाता विजयाराजे सिंधिया चौराहे तक कार्निवाल निकाला गया। देश - विदेश के कलाकार अपनी संस्कृति की छटा बिखेरते हुए सडक़ पर थिरके। करीब ढाई किमी की दूरी को पैदल पार करते हुए राजमाता चौराहे पर विदेशी कलाकारों ने विहंगम प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। शहर की जनता इनकी कला को अपलक निहारती रही। राह चलते लोगों ने रुक- रुककर कलाकारों का ताली बजाकर उत्साहवर्धन किया। ग्रीनवुड स्कूल अपनी बेंड प्रस्तुति के साथ इस कार्निवाल की अगुआई कर रहा था।

चार दिन तक चलने वाले इस अंतर्राष्ट्रीय नृत्य महोत्सव में रिपब्लिक ऑफ तूबा रसिया फेडरेशन व एसटोनिया सहित भारत की 50 से ज्यादा टीम शामिल हुई हैं। इन टीमों में एक हजार से ज्यादा कलाकार हैं। जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ देश की सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यगनाओं पद्मश्री डॉ नलिनी- डॉ. कमलिनी की गरिमामयी उपस्थिति में व ग्वालियर की महापौर शोभा सिकरवार के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलन से प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर विशेष अतिथि रशियन एजुकेशन व मिलिट्री स्पेशलिस्ट पावेल पेशेवर, कुलपति एलएनआईपीई प्रो. कल्पना शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाहक यशवंत इंदापुरकर, पूर्व कार्यपरिषद सदस्य प्रदीप शर्मा, शुभारम्भ समारोह में मंचासीन रहे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को अपनी प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं दी व पश्चिम सभ्यता की तरफ अग्रसर समाज में ऐसे कार्यक्रम अपनी संस्कृति को गहराई से जानने व दूसरे देशों की संस्कृति को जानने का अवसर बताया।

डॉ. नलिनी ने सभी कलाकारों को कलाकार बनना ईश्वर की कृपा व चुनाव बताया । साथ ही कलाकारों को सत्य से साक्षात करने का माध्यम बताया। अपनी कला को साथ रखने और कला का सम्मान का संदेश दिया। और अपनी संस्कृति को थामे रखने पर जोर दिया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. केशव पांडेय ने स्वागत भाषण दिया व सचिव दीपक तोमर ने उद्भव की गतिविधियों व आगामी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही संस्था की उपाध्यक्ष किरण भदौरिया ने कार्यक्रम को विविधता में एकता का मंच बताया।

उल्लेखनीय है कि चार दिन तक इस नृत्य महोत्सव के जरिए संगीत सम्राट तानसेन की नगरी में उत्सव जैसा माहौल रहता है। इस दौरान शहर और कई दूर दराज इलाकों से लोग कला एक संस्कृति को देखने पहुंचते है। उद्भव संस्था द्वारा पिछ्ले कई सालों से इस आयोजन को किया जा रहा है। आगामी नृत्य कार्यक्रम सोमवार सुबह 9 बजे से आईआईआईटीएम में प्रारम्भ होंगे।

## हर दिन की कार्ययोजना बनाकर समय पर हो स्टेशन का कामः सांसद कुशवाहा

भारतमत संवाददाता

ग्वालियर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व वाली डबल इंजन भाजपा सरकार में आज ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र विकास की नई इबारत लिख रहा है। अब जल्द ही हमारा ग्वालियर रेलवे स्टेशन देश के श्रेष्ठ वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशनों में अपनी पहचान बनाएगा। यह बात सांसद भारत सिंह कुशवाहा ने रविवार को रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन कार्यों का



निरीक्षण करते हुए कही।ग्वालियर पर्यटन गाइड सांसद कुशवाहा ने रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण एवं आधुनिकीकरण कार्य का साइट अवलोकन कर अधिकारियों से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और हर कार्य की बिंदुवार विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान रेलवे और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए कि प्रतिदिन की कार्ययोजना निर्धारित कर प्रोजेक्ट को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाएं। उन्होने कहा कि रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए वीआईपी एंट्री गेट का प्रावधान अनिवार्य रूप से हो, जिससे वीआईपी मूवमेंट के वक्त आम लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं से जुड़े उन्नयन कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किए जाएं। जिसमें एंट्री और एग्जिट गेट, यात्री प्रतीक्षालय, प्लेटफॉर्म की कनेक्टिविटी और पार्किंग से जुड़े कार्य प्रमुख है। साथ ही कुशवाहा ने निर्देशित किया कि रेलवे प्लेटफॉर्म के पुलों के लिये बनाई गई सीढ़ियों की चौड़ाई बढ़ाकर उन्हें बुजुर्ग फ्रेंडली बनाई जाएं ।

## भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

भारतमत संवाददाता

ग्वालियर ग्वालियर महानगर के सभी बूथों पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत छठ पूजा की शुभकामनाओं के साथ की। उन्होंने वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर भी प्रकाश डाला। मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण पर भी बात की। उन्होंने बताया कि राम मंदिर नवंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा और इसके लिए देशवासियों को बधाई दी। इस दौरान उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा ने वार्ड क्रमांक 4 के बूथ क्रमांक 104 में कोटेश्वर मंडल अध्यक्ष श्री श्री चिंटू परमार के निवास पर, भाजपा के दुर्गादास मंडल के अंतर्गत बूथ क्रमांक 263 पर मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री श्री प्रधुमन सिंह तोमर एवं महानगर जिलाध्यक्ष श्री



जयप्रकाश राजौरिया जी, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाहा ने वार्ड क्रमांक 31 के बूथ क्रमांक 296 पर राजेंद्र प्रसाद कॉलोनी में बूथ की टोली एवं उपस्थित आमजन के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से छिपी हुई प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। उन्होंने यह भी बताया कि इससे देश के किसान, नौजवान, बुजुर्ग और महिलाएं सहित समाज के हर वर्ग के लोग लाभान्वित होते हैं। वहीं वार्ड क्रमांक 37 के बूथ क्रमांक 53 पर जिला मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाह ने मन की बात को सुना । इस अवसर पर श्री अशोक शर्मा, डॉ. अरविंद राय, जिला मंत्री एवं मन की बात प्रभारी श्री दारासिंह सेंगर, जिला मीडिया प्रभारी श्री नवीन चौधरी,मंडल अध्यक्ष श्री बृजमोहन शर्मा, मंडल अध्यक्ष श्री चिंटू परमार सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सीवर सफाई में ढिलाई से नाराज़ हुए ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

भारतमत संवाददाता

### वार्ड 8 विजय नगर में सीवर, सफाई तथा विधुत व्यवस्था का किया निरीक्षण



ग्वालियर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को उप नगर ग्वालियर के वार्ड 8 में विजय नगर सहित विभिन्न मोहल्लों में सीवर, कचरा संग्रहण तथा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस सीवर चेम्बर चौक होने, तथा नियमित कचरा संग्रहण न होने की आम नागरिकों द्वारा की गई शिकायतों पर उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सीवर लाइन चौक होने की शिकायतें बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। जहां से भी शिकायतें मिल रही हैं, वहां तुरन्त मशीनें लगाकर सीवर की सफाई कराई जाए। साथ हर गली-मोहल्ले में नियमित कचरा संग्रहण के प्रबंध किए जाएं। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के भ्रमण के दौरान नगर निगम के क्षेत्रीय अधिकारी, पीएचई अधिकारी तथा सीवर प्रभारी भी मौजूद रहे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि आम जन की तकलीफों को दूर करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यदि इस जिम्मेदारी का निर्वहन ठीक से करने में कोई अधिकारी-कर्मचारी लापरवाही दिखाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी।

## लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण कर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी करें: एसएसपी धर्मवीर

भारतमत संवाददाता

ग्वालियर। अनावश्यक रूप से लंबित महिला संबंधी अपराध, मर्ग एवं गंभीर अपराधों के निराकरण के लिये यथासंभव ईमानदारी से प्रयास किये जाए और प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही की जाये। लंबित सी.एम. हेल्प लाईन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का शीघ्र संतुष्टिपूर्ण निकाल करें। माइनर एक्ट जिसमें एनडीपीएस एक्ट, आबकारी, आर्म्स, जुआ - सट्टा में अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाए। यह निर्देश रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने पुलिस कन्ट्रोल रूम सभागार में थाना प्रभारियों की बैठक लेकर दिये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थानावार लंबित अपराधों विशेषकर महिला संबंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा की और उनके लंबित रहने का स्पष्ट कारण जाना तथा अपराधों में फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये।

## व्यापारी को समय के अनुसार बदलना होगाः प्रवीन खंडेलवाल

भारतमत संवाददाता

### कैट हर वर्ग के व्यापारियों की मदद करता है: भारत सिंह कुशवाह

### कैट के दीपावली मिलन समारोह में दोनों सांसदों ने किया 18 व्यापारियों का सम्मान

### ग्वालियर के सैकड़ों व्यापारी हुये अन्नकूट में शामिल

ग्वालियर। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट के राष्टीय महामंत्री एवं चादनी चौक नई दिल्ली के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि व्यापारियों को वर्तमान व्यासायिक परिस्थिति के हिसाब से दिन-प्रतिदिन बदलाव करना होगा। एक ओर हमें शासकीय सिस्टम से अपग्रेड रहना है वहीं दूसरी ओर ऑनलाइन के व्यापार से अपने व्यापार को सुद्रण बनाना है। हम डिजिटल व्यापार में व्हाट्सअप ग्रुप से भी व्यापार कर सकते है और इसके लिये कैट और मेटा दोनों मिलकर व्यापारियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं। श्री खंडेलवाल ने आज घोषणा की कि कैट नई पीढ़ी को व्यापार में ट्रेन्ड करने के लिये स्किल डवलपमेंट के कार्यक्रम चलायेगी और स्किल करेगी। इसके लिये शीघ्र ही पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में म.प्र. राज्य का चुनाव किया गया है और पहला प्रोजेक्ट ग्वालियर से प्रारंभ




होगा। हमारी नई पीढ़ी चुनौतीपुर्ण परिस्थितियों में किस प्रकार से अपने व्यापार को बचाये और आगे बढ़ाये उसके लिये कैट उन्हें प्रशिक्षित करेगा। श्री खंडेलवाल आज मुख्य अतिथि के रूप में कैट के दीपावली मिलन समारोह एवं अन्नकूट में उपस्थित थे।ग्वालियर पर्यटन गाइड कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के सांसद भारत सिंह कुशवाह ने संयुक्त रूप से 18 व्यापारिक प्रतिष्ठानों के संचालक व्यापरियों को व्यापार गौरव 2025 के सम्मान से सम्मानित किया। दोनों ही अतिथियों ने खबर सबकी के डायरेक्टर रवीन्द्र जैन को उनके न्यूज चैनल के लिये भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रवीन्द्र जैन ने की। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि वर्ष 2025 में 2500 सदस्य बनाना हमारी प्राथमिकता में है और हम आने वाले समय में ग्वालियर व्यापार मेले के विकास के लिये जमीन स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे। स्वागत भाषण अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा दिया गया। संचालन संभागीय महामंत्री मुकेश जैन ने किया। व्यापारी गौरव सम्मान का संचालन संभागीय अध्यक्ष दीपक पमनानी ने किया। इस अवसर पर राजकुमार गुप्ता प्रिंस को प्रवीन खंडेलवाल ने कैट मध्यप्रदेश का प्रदेश संगठन मंत्री नियुक्त करते हुये उन्हें अपने हस्ताक्षरयुक्त पत्र प्रेषित किया। कैट ग्वालियर टीम ने 25 सदस्यों ने कोर ग्रुप में सदस्यता ली और उन्हें सदस्यता जिला संयोजक दिलीप पंजवानी ने प्रदान करवाई। अतिथियों ने माल्यार्पण द्वारा नवीन सदस्यों का स्वागत किया। ययनेंस कन्सलटेंट राजीव जैन, विकास गुप्ता, हिमांशु छापड़िया, डॉ. सौरभ खंडेलवाल, राहुल अग्रवाल, समीर अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, श्याम शर्मा, कृष्ण मुरारी शर्मा, आनंद शर्मा, ललित नागपाल आदि ने अतिथियों का स्वगात किया। इस अवसर पर कैट की महिला टीम की सदस्य निरूपमा मालपानी, कविता जैन, रीना गांधी, शुभांगी चतुर्वेदी, कैट राजस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गोयल, नेशनल मीडिया प्रभारी इस्मिका ओझा, युथ विंग के आकाश जैन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## समय पर करो बेटा बेटी का विवाह. साध्वी अंजलि

भारतमत संवाददाता

### शताब्दीपुरम दंदरौआ धाम में राष्ट्रकथा एवं कृष्ण कथा




ग्वालियर । यदि हमें अपने बच्चों को चारित्रिक पतन से बचाना है तो उन्हें बचपन से संस्कार देकर उनकी शादी समय पर करें। वेद के अनुसार बेटी की शादी की सही उम्र 18 से 20 और बेटे की शादी की उम्र 20 से 22 है लेकिन करियर के नाम पर बच्चे 30 की उम्र पार जाते हैं । फिर हमें सुनने को मिलता है इसकी लड़की उसके साथ भाग गई उसकी लड़की को उसका लड़का भाग ले गया। यदि बेटा बेटी की शादी समय पर की जाएगी तो यह भाग दौड़ भी बंद हो जाएगी। यह विचार साध्वी अंजलि ने दंदरौआ धाम शताब्दीपुरम में आयोजित राष्ट्रकथा एवं कृष्ण कथा के तीसरे दिवस रविवार को व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सत्ता के लोभ में कंस ने अपनी बहन की सात नवजात बेटियों को खत्म कर दिया. पन्नाधाय के बेटे चंदन को मारने की कोशिश की गई। न जाने ऐसे कितने उदाहरण हैं कि सत्ता के लिए लोगों को मौत के घाट उतारा गया। आजभी यह कृत्य रुक नहीं रहा है। सत्ता के लोभी सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार हैं । उन्होंने कहा कि जो नियम देश के लिए घातक है उसे बदल देना ही उचित है । बेटियों को लेकर उन्होंने कहा कि हमें ऐसी बेटी नहीं चाहिए जो इंस्टा पर अर्धनग्न होकर नाचे या अपने टुकड़े करा ले । हमें रानी लक्ष्मी बाई कल्पना चावला किरण बेदी लता मंगेशकर व्योमिका सूफिया जैसी बेटियां चाहिए. जो समूचे देश का मस्तक ऊंचा कर दें । जो बेटी अपने विचारों पर अडिग है वह घर में रहे या दुनिया के किसी भी कोने में. उसका चारित्रिक पतन नहीं होता. वह देश समाज और राष्ट्र का नाम ऊंचा करती है । उन्होंने कहा कि अच्छी बेटी अच्छी ग्रहणी बनती है और ग्रहणी से घर बनता है ग्रहणी विषय विद्वान और क्रांति को पैदा कर सकती है।इस मौके पर कुंअर पाराशर दिवाकर शर्मा संगीता शर्मा चंद्रशेखर शर्मा केशव मुनि निखिल चौहान मुकेश शर्मा अजय शर्मा सहित शेखर और राष्ट्र प्रेमी एवं धर्म प्रेमी श्रोता मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## कार्बाइड गन से भारत में हजारों लोग अंधे?

भारत में तकनीक और नवाचार के नाम पर कई बार ऐसी जीजें प्रचलन में आ जाती हैं जो दिखने में साधारण और बड़े काम की लगती हैं, लेकिन आगे चलकर वो समाज के लिए गंभीर खतरा बन जाती हैं। ÷कार्बाइड गन÷ इसका ताज़ा उदाहरण है। मूल रूप से यह गन पक्षियों और जानवरों को भगाने के लिए उपयोग में लाई जातीं थीं। दीपावली के अवसर पर हाल के दिनों में यह गन मासूम बच्चों और आम नागरिकों की जान और आंखों की रोशनी छीनने का कारण बन रही हैं। दीपावली के अवसर पर देशभर में इस कार्बाइड गन को जिस तरह से पटाखे के रूप में उपयोग किया गया है। बच्चों और आम नागरिकों के हाथ में यह गन थी। भीड़भाड़ वाले इलाकों में इसका उपयोग किया गया। उसके कारण दिल्ली, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, सहित कई राज्यों में हजारों लोगों की आंखों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इससे सेकड़ों लोग स्थाई रूप से अंधे हो गए हैं। हजारों लोग अस्पताल में आंखों का इलाज करा रहे हैं। इस कार्बाइड गन को लोगों ने जुगाड़ से भी तैयार किया। जब इसे उपयोग में लाया गया, तो सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। मध्य प्रदेश में हाल ही में हुई कई घटनाओं के बाद सरकार ने इसे घातक घोषित करते हुए, प्रदेश में कार्बाइड गन पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस गन को ÷घातक विस्फोटक उपकरण÷ की श्रेणी में रखा गया है। सरकार ने यदि कोई भी व्यक्ति इस गन को बनाता, खरीदता या बेचता है तो उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट 1959, विस्फोटक अधिनियम 1884 और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 के तहत कठोर कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नियम में जो परिवर्तन किया गया है, उसके बाद कार्बाइड गन बेचने वालों को आसानी से जमानत नहीं मिलेगी। यह सख्त कदम समय की मांग थी। मध्य प्रदेश सरकार ने तत्काल कार्यवाही करते हुए इस पर रोक लगाने का काम किया। कार्बाईड गन से भोपाल, होशंगाबाद, बैतूल और जबलपुर जैसे जिलों में गनों से किए गए विस्फोट के कारण बच्चों की आंखें जलने और किए गए विस्फोट के कारण स्थायी अंधेपन के कई मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में 10 लोगों की आंखें पूरी तरह से खराब हुई है। इनमें से चार लोगों की सर्जरी की गई है। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में 150 लोग और पटना के 50 से अधिक लोग इस गन के विस्फोट से घायल हुए हैं। कार्बाइड गन प्लास्टिक के साधारण से पाइप में तैयार हो जाती है। गैस लाइटर, कैल्शियम और कार्बाइड से तैयार कर इसे आसानी से उपयोग में लाया जा सकता है। कार्बाइड का उपयोग फलों को पकाने और औद्योगिक कार्यों के लिए उपयोग में होता है। जो सभी शहरों में आसानी से उपलब्ध है। यह गन 150 रुपए से लेकर 2000 रुपये तक में आसानी से देश भर में उपलब्ध थी। इस बार पटाखों की दुकानो और ऑनलाइन इस गन को बेचा गया है। सोशल मीडिया की इसमें बड़ी भूमिका थी। दीपावली के अवसर पर इसका बड़े पैमाने पर विस्फोटक के रूप में इस्तेमाल किया गया है। प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़े और कार्बाइड धुयें के कारण हजारों लोगों की आंखों को नुकसान पहुंचा है। सैकड़ों लोगों की आखों की रोशनी चली गई हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और ई-कॉमर्स वेबसाइट्स पर यह खतरनाक गन 1300 से 2500 रुपये में खुलेआम आज भी बिक रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस गन का उपयोग ÷खरगोश भगाने वाली गन÷ या ÷काबूम पाइप÷ जैसे नाम से होता है। सच्चाई यह है, इसमें उपयोग होने वाला कार्बाइड और पानी का मिश्रण गैस विस्फोट पैदा करता है। जो तेज आवाज़ के साथ खतरनाक आग और दबाव उत्पन्न करता है। जिसका असर काफी दूर तक होता है। इसी विस्फोट से बच्चों और किसानों के गंभीर रूप से झुलसने के कई मामले सामने आए हैं। मध्य प्रदेश सरकार का यह प्रतिबंध सराहनीय है। केवल आदेश जारी करना पर्याप्त नहीं होगा। आवश्यक है, जमीनी स्तर पर निगरानी रखी जाए। संपूर्ण देश में ऑनलाइन बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए। कार्बाइड गन बनाने और इसके उपयोग करने के लिए नियम तैयार किए जाएं। इसमें केंद्रीय गृह मंत्रालय की बड़ी भूमिका होगी। पुलिस ओर साइबर टीम को सभी राज्यों में निगरानी के लिए सक्रिय करना होगा। ग्रामीण और शहरी स्कूलों में जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को इससे होने वाले नुकसान के बारे में बताया जाए। यह गन कोई खिलौना या फटाका नहीं है। कार्बाइड गन एक विस्फोटक यंत्र है। भारत को इस तरह के खतरनाक आविष्कारों के खिलाफ सख्त निगरानी रखनी होगी। तकनीक तभी उपयोगी है, जब वह सभी के लिए सुरक्षित हो। वरना जिस तरह से कार्बाइड गन का उपयोग हुआ है, वह मानवता के लिए अभिशाप है। कार्बाइड गन पर प्रतिबंध सिर्फ एक प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि नागरिक सुरक्षा की दिशा में सरकार का बेहतर निर्णय माना जाएगा। सभी राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को इस मामले में गंभीरता से कार्यवाही करने की जरूरत है।




# राशिफल

**मेष:** कार्य-व्यवस्था अनुकूल हो, समय पर सोचे कार्य अवश्य ही बन जायेंगे।

**वृष:** विरोधी तत्व परेशान करें, आरोप व क्लेश से असमंजस की स्थिति होगी।

**मिथुन:** व्यवसायिक क्षमता अनुकूल, धन लाभ व आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा।

**कर्क :** समय अनुकूल नहीं विशेष कार्य स्थिगित रखें तथा शासकीय कार्य में हानि होगी।

**सिंह:** सतर्कता से रुके कार्य निपटा लेवें, संघर्ष से सफलता के योग अवश्य बन जायेंगे।

**कन्या** तर्क-वितर्क से बचें, अनेक प्रकार की बाधायें, मन असमंजस में रहे, कार्य अवरोध होगा।

**तुला** धन हानि, असमंजस की स्थिति अवश्य ही बनेगी विशेष कार्य अवरोध होगा।

**वृश्चिक** मान-प्रतिष्ठा, सुख-भोग, एश्वर्य एवं समृद्धि के साधन आप अवश्य ही जुटायेंगे।

**धनु** मानसिक बेचैनी, तनाव संभव तथा कार्यगति में सुधार तथा चिन्ता कम होगी।

**मकर** सामाजिक कार्य में प्रभुत्व वृद्धि बने, धन का लाभ तथा आशानुकूल सफलता मिलेगी।

**कुंभ** मनोबल उत्साहवर्धक हो, कार्यकुशलता से संतोष तथा कठिन योजना बन जायेगी।

**मीन** कार्य-कुशलता के योग बनेंगे, कुटुम्ब की समस्यायें सुलझें, ध्यान रखें।

# एक पर्व नहीं है महापर्व है छठ पूजा

(लेखक- रमेश सर्राफ धमोरा)

(27 अक्टूबर छठ पूजा पर विशेष)

दिवाली के बाद छठ पूजा का त्योहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान घर से लेकर घाटों तक बेहद खास रौनक देखने को मिलती है। छठ पूजा की शुरुआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है और समापन सप्तमी तिथि पर होता है। इस दौरान छठी मैया की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस व्रत को निर्जला किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसर छठी मैया की उपासना और व्रत करने से संतान को दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है।उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है।

हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।

छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत



के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी आराधना करते हैं। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है।

छठ पूजा का व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है।छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है।

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकलकर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉइलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख-समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा।

एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरुआत महाभारत काल में सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था।

महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

# बिहार में बड़ा राजनीतिक दाव -महागठबन्धन के लिए चाणक्य बने अशोक गहलोत

(लेखक - विनोद कुमार सिंह)

बिहार में सियासी पलटवार नई पट कथा

बिहार की राजनीति एक बार फिर अपने निर्णायक मोड़ पर है।विधान सभा चुनाव 2025 से ठीक पहले कांग्रेसऔर आरजेडी ने ऐसा दांव चला है ,जिसने एनडीए की रणनीति को झकझोर दिया है।पटना में आयोजित संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने घोषणा की कि यदि महागठबंधन को बहुमत मिला तो तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री और वीआईपी पार्टी के मुकेश सहनी उपमुख्यमंत्री होंगे।यह घोषणा केवल नाम तय करने की औपचारिकता नहीं थी-यह बिहार की सामाजिक और जातीय राजनीति की गहरी समझ और कांग्रेस की व्यावहारिक मजबूरी का प्रतीक है।बिहार चुनावों में ÷चाणक्य÷ शब्द हमेशा गूंजता रहा है।

कूटनीति,बुद्धि और रणनीति के प्रतीक के रूप में।कभी अमित शाह को भाजपा का चाणक्य कहा गया,तो कभी प्रशांत किशोर को चुनावी रणनीति का मास्टरमाइंड बताया गया,लैकिन इस बार मैदान में उतरे हैं अशोक गहलोत,जिन्होंने कांग्रेस और आरजेडी के बीच महीनों से चल रहे मतभेद को सुलझाकर महा गठबंधन को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने वह कर दिखाया जो बिहार कांग्रेस के स्थानीय नेता नहीं कर पा रहे थे-संचार की डोर को फिर से जोड़ना।गहलोत ने कांग्रेस हाईकमान को यह समझाया कि बिहार में आरजेडी के बिना कांग्रेस का अस्तित्व टिकना मुश्किल है।2020 के चुनाव में कांग्रेस ने अकेले मैदान में उतरकर जो राजनीतिक क्षति उठाई,वह अब दोहराई नहीं जा सकती। उन्होंने महागठबंधन को पुनर्जीवित कर,तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर सहमति दिलवाई।इस तरह गहलोत ने खुद को ÷कांग्रेस के चाणक्य÷ के रूप में स्थापित किया,जिन्होंने बिहार की उलझी हुई समीकरणों में नया जीवन फूंका।

जातीय गणित और सामाजिक इंजीनियरिंग का नया फॉर्मूला -बिहार की राजनीति का मूल डीएनए ÷जाति÷ है।यहां बिना सामाजिक समीकरण साधे कोई भी दल सत्ता की दहलीज नहीं छू सकता। महागठबंधन की नई रणनीति भी इसी यथार्थ पर आधारित है।

राजनीतिक गणना कहती है कि यहाँ यादव लगभग 14%,मुसलमान 18%,मल्लाह समुदाय लगभग 6%और अति पिछड़ा वर्ग लगभग 20% हैं।महागठबंधन ने यादव-मुस्लिम समीकरण को तेजस्वी के माध्यम से और अति पिछड़ों-मल्लाहों को मुकेश सहनी के सहारे साधने का प्रयास किया है।यह वही सामाजिक फॉर्मूला है जिसने 2015 में महा गठबंधन को ऐतिहासिक विजय दिलाई थी।फर्क सिर्फ इतना है कि तब नीतीश कुमार चेहरे थे, और आज तेजस्वी यादव अपने युवा जोश और सामाजिक जुड़ाव के साथ इस भूमिका में हैं।कांग्रेस बिहार में अपने सियासी अस्तित्व की जंग लड़ रही है।राहुल गांधी की ÷वोटर अधिकार यात्रा÷ ने संगठन में नई ऊर्जा भरी थी,लेकिन प्रदेश नेतृत्व की अंतर्कलह ने समीकरण बिगाड़ दिए।कृष्णा अल्लावरू,राजेश राम और अन्य नेताओं ने यह तर्क दिया कि तेजस्वी के नाम पर गैर-यादव ओबीसी और सवर्ण वोटर दूर हो सकते हैं।परंतु गहलोत ने तर्कों के उलझे जाल को काटते हुए स्पष्ट किया >÷तेजस्वी ही वह चेहरा हैं जिनके बिना महागठबंधन एकजुट नहीं हो सकता।÷गहलोत की इस रणनीति ने कांग्रेस को दो लाभ दिए -1. आरजेडी के साथ फिर से गठजोड़ मजबूत हुआ।

2. महागठबंधन के अन्य घटक दल -सीपीआई,सीपीएम, माले और वीआईपी -कांग्रेस के साथ खड़े हुए एनडीए पर राजनीतिक प्रभाव ।अब सवाल यह है कि इस घोषणा का प्रभाव क्या होगा? सर्वविदित रहे कि बिहार की राजनीति में एनडीए (भाजपा-जेडीयू गठबंधन)के लिए यह चुनौतीपूर्ण मोड़ है।एनडीए की नींव जातीय संतुलन, विकास व सुशासन के वादे पर टिकी है,परंतु नीतीश कुमार के नेतृत्व में थकान और भाजपा के भीतर असंतोष की झलक दिख रही है।तेजस्वी को सीएम चेहरा घोषित करने के साथ ही महागठबंधन ने चुनावी विमर्श को ÷विकास बनाम सामाजिक न्याय÷ से हटाकर ÷युवा नेतृत्व बनाम थकी हुई सत्ता÷ के रूप में बदल दिया है।

युवाओं और अल्पसंख्यकों में तेजस्वी की पकड़,तथा अति पिछड़ों में मुकेश सहनी की पहचान यह एनडीए की ÷डबल इंजन÷ नीति पर भारी पड़ सकती है।भाजपा अब तक नीतीश कुमार की विश्वसनीयता पर सवार रही,परंतु इस बार गहलोत -तेजस्वी की जोड़ी ने सामाजिक समीकरणों को नई दिशा दे दी है।बिहार का पूर्वी-दक्षिणी क्षेत्र (सीवान, सारण,गोपालगंज, दरभंगा,मधुबनी) यादव-मुस्लिम बहुल है, जहाँ महागठबंधन की मजबूत पकड़ रही है।वहीं कोशी-मिथिलांचल और सीमांचल में अल्पसंख्यक वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं।मुकेश सहनी का प्रभाव उत्तर बिहार के नदी-तटीय मल्लाह और निषाद समुदायों में गहराई तक है।गहलोत की नई रणनीति इन भौगोलिक और जातीय क्षेत्रों को जोड़ने का एक राजनीतिक मानचित्र तैयार करती है - जो बिहार की आर्थिक असमानता और ग्रामीण असंतोष को भी संबोधित करता है।

बदलती राजनीति का संकेत -अशोक गहलोत का यह कदम केवल चुनावी घोषणा नहीं,बल्कि कांग्रेस के ÷राष्ट्र स्तर पर गठबंधन पुनर्गठन÷ का संकेत भी है।

जहाँ उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने बसपा से दूरी बनाकर अकेले चलने की राह पकड़ी,वहीं बिहार में उसने गठबंधन की ताकत को समझते हुए यथार्थ वादी दृष्टिकोण अपनाया है।तेजस्वी को ÷युवा नेतृत्व÷ के रूप में पेश कर कांग्रेस ने बिहार की राजनीति को नया विमर्श दिया है –

अब यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक सोच के पुनर्जागरण की लड़ाई बन गया है।

# देश की सड़कों पर मंडराती मौत ? कब रुकेगें भीषण व दर्दनाक सड़क हादसे

(लेखक - नरेन्द्र भारती)

बेशक प्रतिवर्ष सड़क हादसों को रोकने व सड़क सुरक्षा हेतू करोडों रुपया बहाया जाता है मगर नतीजा वही ढाक के तीन पात ही निकलता है अगर सही तरीके से पैसा खर्चा किया जाए तो इन हादसो पर विराम लग सकता है मगर ऐसा नहीं हो रहा है हर वर्ष लाखों लोग मारे जा रहे है।देश में प्रतिदिन इतने भीषण व दर्दनाक व खौफनाक सड़क हादसे हो रहे है कि पूरे के पूरे परिवार मौत की नींद सो रहे हैं।देश के प्रत्येक राज्यों तथा महानगरों व शहरों से लेकर गांवों तक हर रोज लाशें बिछ रही है बेकसूर लोग बेमौत मारे जा रहे है।24 अक्तूबर 2025 की अल सुबह आंध्रप्रदेश के कुरनुल जिला के चिन्नातेकुर के पास एक प्राईवेट बस व दोपहिया वाहन से टक्कर के बाद आग लग गई जिससे 22 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई बस में 44 यात्री सवार थे।18 यात्री जीवित हैं। हादसे में शव पूरी तरह जल चुके हैं उनकी पहचान करना मुश्किल हो गया है। 14 अक्तूबर 2025 को भी राजस्थान के जैसलमेर में एक बस को आग लग जाने से 22 यात्री बेमौत मारे गए थे। देश की सड़कों पर लाशों के चिथड़े बिखर रहे हैं।लाशों के अंबार लग रहे है।आंकड़ों के अनुसार 8 जुलाई 2019 सोमबार को उत्तर प्रदेश के आगरा के यमुना एक्सप्रैस वे पर एक भीषण सडक हादसे में 29 लोग की दर्दनाक मौत हो गइ थी और 23 घायल हो गए थे।यह हादसा तक हुआ जब लोग गहन निंद्रां में सोए थे।यह बस एक नाले में गिरी थी ।यह बस लखनउ से दिल्ली आ रही थी।यह हादसा सुबह चार बजे के करीब हुआ था।सफर कर रहे लोगों ने सपने मे भी नहीं सोचा होगा कि यह उनका आखिरी सफर होगा।सड़क हादसे अभिशाप बनते जा रहे है।इस शाप से कब मुक्ति मिलेगी यह एक यक्ष प्रश्न है। लापरवाहियों व जानबूझकर हादसे हो रहे है।एक चालक की गलती से लोगों को मौत नसीब हो रही है।आंकडें बताते है कि सड़क दुर्घटनाओं में भारत अन्य देशों से शीर्ष पर है। हिमाचल के बंजार में भी एक बस हादसे में 45 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी।अभी इस हादसे की स्याही भी नहीं सूखी थी कि1 जुलाई 2019 को जम्मू-कश्मीर के किशतवाड़ जिले में एक मिनी बस के खडड में गिरने से 35 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई।28 सीटर बस में 52 लोग सवार थे।पल भर में लाशों में तब्दील हो गए।लोगों की अकाल मौत हो गई थी।गत वर्ष1जुलाई 2018 को एक ऐसा ही बस हादसा उतराखंड में घटित हुआ था।उतराखंड के गढवाल मंडल के पौडी जिले के नैनीडांडा विकास खंड के पिपली भौन मोटर मार्ग पर धूमाकोट के नजदीक एक यात्रियों से भरी एक बस के 70 फुट गहरी खाई में गिर जाने से 50 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी बस में मरने वालों में 22 पुरुष तथा 17 महिलाए और आठ बच्चे शामिल थे।ऐसा ही एक भीषण हादसा पशिचिमी बंगाल में हुआ जहां 29 जनवरी 2018 को पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के इस्माइलपुर में एक सरकारी बस के नदी में गिरने से 36 यात्रियों की मौत हो गई। यह बस नदी पर बनी रेलिंग तोड़कर नदी में जा गिरी।9यात्रियों ने तैर कर अपनी जान बचा ली तथा 9 लोग घायल हो गए थे।बस में 60 यात्री सफर कर रहे थे।यह दर्दनाक हादसा सुबह छह बजे के करीब हुआ। बेशक प्रतिवर्ष जनवरी माह में पूरे भारतवर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। क्योकि प्रशासन द्वारा लोगों को इन सात दिनों में यातायात नियमों के बारे में बताया जाता है फिर पूरा वर्ष लोग अपनी मनमानी करते है और यातयात नियमों का उल्लंघन करते है और मौत के मुंह में समाते जा रहे हैं 2025 के पहले सप्ताह से ही लोग सड़क हादसों में मारे जा रहें है।दस महिनों में लाखों लोग मारे जा चुके है। यह आंकड़ा बडे पैमाने पर बढता जा रहा है इसे सरकारों की लापरवाही की संज्ञा देना गलत नहीं होगा।हर रोज सड़क हादसों में मौते हो रही है।अक्सर देखा गया है कि ज्यादातर सड़क हादसे सर्दियों में होते है क्योकि धुंध के कारण आपसी टक्कर में दुर्घटनाएं होती हैं। पंजाब, दिल्ली व उतरप्रदेश व हिमाचल प्रदेश में धूंध के कारण दर्जनों हादसों में सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं। मगर राज्यों की सरकारों को इससे कोई सरोकार नहीं है। देश के प्रत्येक राज्यों में हादसों की दर बढती जा रही है दुर्घटना के बाद मुआवजे की राशि बांटने में व समाचार पत्रों में सुखियों में रहने में प्रशासन व नेता लोग आगे रहते हैं नेताओं द्वारा घड़ियाली आंसू बहाए जातें है।सड़क हादसों को रोकने के लिए एक नीति बनानी होगी।जागरुकता अभियान चलाने होगें। सरकारों को लोगों को यातयात नियमों से संबधित शिविरों का आयोजन करना चाहिए।आज करोडों के हिसाब से वाहन पंजीकृत है मगर सही ढंग से बाहन चलाने वालो की संख्या कम है क्योंकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता।पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रहे है मगर चालान इसका हल नहीं है इसका स्थायी समाधान ढूंढना होगा।आज बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनो को हवा में चलाते है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाईसैस रदद करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं। प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकती है क्योकि आज फर्जी लाईसैसों के बलबूते बहुत से वाहन चालक वाहन चलाते है यदि सही तरीके से पूरी औपचारिकताएं निभा कर लाईसैंस जारी किए जाएं तो अधिकांश लोग फेल हो जाएगें कुछ लोग अपनी पहुंच के कारण लाईसैंस बनवा लेते है भले ही उन्हे गाड़ियों का ज्ञान तक नहीं होता इस बाबत प्रशासन को सख्ती बरतनी चाहिए कि चाहे कितनी भी बड़ी पहुंच वाला हो पूरें नियमों को पूरा करने के बाबजूद ही लाईसैंस जारी किया जाए। अगर ऐसा किया जाता है तो निश्चित रुप से दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है।आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं भले ही पुलिस यन्त्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। सरकार द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं।जयादातर हादसे ओवर स्पीड के कारण हो रहे है। बढती सड़क दुर्घटनाओं के अनेक कारण है सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं।लापरवाह लोग सीट बैल्ट तक नहीं लगाते और तेज रफतार में वाहन चलाते हैं।देश में सड़क हादसों में स्कूली बच्चों के मारे जाने के हादसे भी समय-समय पर होते रहते हैं मगर कुछ दिन चैक रखा जाता है फिर वही परिपाटी चलती रहती है।जबकि होना तो यह चाहिए कि इन लापरवाह चालको को सजा देनी चाहिए ताकि मासूम बेमोत न मारे जा सके। अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों के पास प्राथमिक चिकित्सा बाकस तक नहीं होतें ताकि आपातकालिन स्थिती में प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध करवाई जा सके । प्रत्येक साल नवरात्रों में श्रध्दालू मंदिरों में ट्रको में जाते है और गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो जाती है तथा मारे जाते हैं।ओबरलोडिग से भी ज्यादातर हादसे होते हैं। सरकारों को अपना दायित्व निभाना चाहिए ताकि सड़क दादसों पर पूरी तरह रोक लग सके। बेलगाम हो रहे यातायात पर लगाम लगाना सरकार व प्रशासन का कर्तव्य है लोगों को भी इसमें सहयोग करना होगा तभी इस समस्या का स्थायी हल हो सकता है यदि लोग सही तरीके से यातायात नियमों का पालन करते है तो सड़को पर हो रहे मौत के तांडव को रोका जा सकता है।सडक हादसे अभिशाप बनते जा रहे हैं।केन्द्र सरकार को इस पर गौर करना होगा तथा देश में बढ रही सड़क दुर्घटनाओ पर रोक के लिए कारगर कदम उठाने होगें। मावन जीवन को बचाना होगा क्योकि मानव जीवन दुर्लभ है।।दुर्घटनाओं का कहर बरपता रहेगा। सरकार को इन हादसों से सबक लेना चाहिए और व्यवस्था की खामियों को दूर करना चाहिए।यदि सरकारे ऐसे ही सोती रहेगी तो देश की सड़के खून से लाल होती रहेगी।

(पत्रकार एवं स्तम्भकार)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# भारत के हाथ से ये खजाना छिन जाने का डर... अमेरिका और चीन कहीं मिलकर सेट न कर दें फील्डिंग?

नई दिल्ली ■ एजेंसी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस हफ्ते चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में वह रूस से तेल की खरीद में कमी लाने पर चर्चा कर सकते हैं। ट्रंप को उम्मीद है कि इस बातचीत से अमेरिका और चीन के बीच पूर्ण समझौता हो सकता है। इस पर पूरी दुनिया के साथ भारत की भी नजर है। भारत रूस से सस्ता तेल खरीदता रहा है। इस सस्ते तेल के खजाने को ट्रंप लगातार लूटने की कोशिश में हैं। उन्होंने रूसी तेल आयात के कारण भारत पर 50 प्रतिशत का भारी-भरकम टैरिफ लगाया है। ट्रंप ने एशिया की यात्रा पर जाते हुए पत्रकारों से कहा कि वह गुरुवार को दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन के दौरान शी जिनपिंग से मिलेंगे। उन्होंने कहा, हम कई चीजों पर बात करेंगे। मुझे लगता है कि हमारे पास एक बहुत व्यापक समझौता करने का बहुत अच्छा मौका है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, तकनीक और कच्चे माल पर प्रतिबंधों को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है। इसी माहौल में यह मुलाकात हो रही है। अमेरिकी और चीनी वार्ताकार पिछले सप्ताहांत कुआलालंपुर में मिले थे। वित्त विभाग के एक प्रवक्ता ने इन वार्ताओं को बहुत रचनात्मक बताया था। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और चीनी उप-प्रधानमंत्री हे लिफेंग के नेतृत्व वाली टीमें रविवार को फिर से बातचीत शुरू करने वाली हैं।

यह मुलाकात जनवरी में व्हाइट हाउस लौटने के बाद ट्रंप और शी जिनपिंग की पहली आमने-सामने की मुलाकात होगी। दोनों नेता इस साल कम से कम तीन बार बात कर चुके हैं।

### भारत पर संभावित असर

ट्रंप की ओर से चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ रूस से तेल कटौती पर चर्चा करना भारत की ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए सीधे तौर पर बड़ा खतरा पैदा करता है। भारत पिछले कुछ सालों में रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल खरीदकर अपनी रिफाइनिंग कंपनियों और उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोलियम कीमतों को स्थिर रखने में सफल रहा है। इससे देश को अनुमानित 17 अरब डॉलर तक की बचत हुई है। अगर अमेरिका चीन पर दबाव डालकर रूसी तेल के प्रवाह को बाधित करता है तो ग्लोबल तेल की कीमतें बढ़ेंगी। इसके चलते भारत को फिर से पारंपरिक (और महंगे) मिडिल ईस्ट स्रोतों से तेल खरीदना पड़ेगा। इससे देश में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ सकते हैं। महंगाई भड़क सकती है। अर्थव्यवस्था पर सीधा दबाव आ सकता है।

इसके अलावा, ट्रंप प्रशासन ने रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर लगातार ऊंचे टैरिफ की तलवार लटका रखी है। ट्रंप और शी के बीच किसी भी कंप्लीट डील का नतीजा भारत पर यह टैरिफ लगाने का अमेरिकी दबाव बढ़ा सकता है। इससे भारत के कपड़ा, दवा और अन्य प्रमुख निर्यात बुरी तरह प्रभावित होंगे। एक तरफ अमेरिका का व्यापारिक दबाव और दूसरी तरफ रूस से सस्ते ऊर्जा स्रोत खोने का खतरा भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों के लिए जटिल भू-राजनीतिक चुनौती पेश करता है। भारत की ओर से यह साफ किया गया है कि उसकी ऊर्जा नीति केवल राष्ट्रीय हितों और नागरिकों के हितों पर आधारित होगी, किसी बाहरी दबाव पर नहीं।

### ट्रंप कर रहे हैं बड़े दावे

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका की ओर से रोजनेफ्ट पीजेएससी और लुकोइल पीजेएससी पर प्रतिबंध लगाने के बाद चीन ने रूसी तेल खरीदना बहुत कम कर दिया है। ये दोनों ही रूस की दो बड़ी ऊर्जा कंपनियां हैं। उन्होंने कहा, मैं शायद इस पर चर्चा कर सकता हूं। लेकिन, आप जानते हैं कि चीन- आपने शायद आज देखा होगा- चीन रूसी तेल की खरीद बहुत कम कर रहा है और भारत पूरी तरह से कम कर रहा है और हमने प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिका ने बुधवार को ये प्रतिबंध लगाए थे। ये यूक्रेन युद्ध के चौथे साल में प्रवेश करने के बाद रूस के पेट्रोलियम उद्योग पर पहली बड़ी कार्रवाई है। व्हाइट हाउस ने विदेशी वित्तीय संस्थानों को भी चेतावनी दी है कि अगर वे प्रतिबंधित रूसी संस्थाओं के साथ व्यापार जारी रखते हैं तो उन्हें अमेरिकी वित्तीय प्रणाली से बाहर रखा जा सकता है। ट्रंप ने कहा कि शी जिनपिंग के साथ उनकी बातचीत में कृषि क्षेत्र और चीन की ओर से फेंटानिल कम्पोनेंट के निर्यात पर भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि नेताओं के बीच सीधी बातचीत सबसे अच्छा तरीका है। इससे टैरिफ और व्यापार बाधाओं से लेकर ताइवान और यूक्रेन जैसे भू-राजनीतिक मुद्दों को हल किया जा सकता है।

## 2027 विश्वकप के बाद ही संन्यास लेंगे रोहित : दिनेश लाड

नई दिल्ली।

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के बचपन के कोच दिनेश लाड का कहना है कि रोहित 2027 एकदिवसीय विश्ककप खेलने के बाद ही संन्यास लेना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में शानदार बल्लेबाजी कर रोहित ने विश्वकप के लिए अपनी दावेदारी पेश कर दी है। रोहित की बढ़ती उम्र को देखकर यह कहा जा रहा था कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद उन्हें एकदिवसीय को भी अलविदा कहना पड़ेगा पर अब ऐसा नहीं लगता है। रोहित ने सीरीज में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। सिडनी में तीसरे एकदिवसय में शतक लगाने से पहले उन्होंने एडिलेड में भी अर्धशतक बनाया था। वह सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। रोहित को तीसरे एकदिवसीय में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड मिला। ऐसे में उनके बचपन के कोच दिनेश लाड ने साफ कर दिया है कि रोहित विश्कप के बाद ही संन्यास लेंगे। वर्ल्ड कप खेलने वाले हैं उसके बाद ही वह रिटायरमेंट लेंगे। सिडनी में 237 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए रोहित ने 121 रनों की नाबाद पारी खेली। यह उनके अंतरराष्टीय करियर का 50वां शतक रहा। इस दौरान उन्होंने विराट कोहली के साथ शतकीय साझेदारी भी की। 2020 के बाद दोनों के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में 100 या उससे अधिक रन की साझेदारी हुई। वहीं इससे पहले पर्थ और एडिलेड में लगातार दो बार 0 पर आउट होने के बाद 74 रनों की नाबाद पारी खेलने वाले विराट कोहली को लेकर उन्होंने कहा, विराट के बारे में हर दिन गलतफहमियां होती हैं। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी और कहीं भी अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

## डीमार्ट ने लेंसकार्ट में 90 करोड़ का निवेश किया, आईवियर ब्रांड लेंसकार्ट का आईपीओ 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक खुला रहेगा

नई दिल्ली ■ एजेंसी




देश के दिग्गज निवेशक और एवेन्यू सुपरमार्ट्स (डीमार्ट) के संस्थापक राधाकिशन दमानी ने आईवियर कंपनी लेंसकार्ट सॉल्यूशंस में लगभग 90 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह निवेश लेंसकार्ट के आगामी आईपीओ से ठीक पहले किया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार दमानी की पत्नी श्रीकांता आर. दमानी ने 23 अक्टूबर 2025 को कंपनी की सह-संस्थापक नेहा बंसल से 22,38,806 इक्विटी शेयर 402 प्रति शेयर की दर से खरीदे, जिससे कुल सौदे की कीमत 90 करोड़ रही। यह हिस्सेदारी कंपनी में लगभग 0.13 प्रतिशत है। लेंसकार्ट का आईपीओ 31 अक्टूबर से खुलकर 4 नवंबर 2025 को बंद होगा। इस इश्यू में 2,150 करोड़ के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि 12.75 करोड़ इक्विटी शेयर प्रमोटर्स और निवेशकों द्वारा ऑफर फॉर सेल के तहत बेचे जाएंगे। इसमें 75 फीसदी हिस्सा क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स, 15 फीसदी नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों और 10 फीसदी रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित रहेगा। इसके अलावा 15 करोड़ के शेयर कर्मचारियों के लिए रिजर्व किए गए हैं। कंपनी इस फंड का उपयोग नए स्टोर खोलने, टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमताओं को मजबूत करने, ब्रांड मार्केटिंग और संभावित अधिग्रहणों में करेगी। वित्त वर्ष 2025 में लेंसकार्ट ने 297.3 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया, जबकि पिछले वर्ष उसे 10.2 करोड़ का घाटा हुआ था। कंपनी का राजस्व 23 फीसदी बढ़कर 6,652.5 करोड़ तक पहुंचा और ग्रॉस मार्जिन भी 69 फीसदी तक सुधरा।

## भारत 2025-26 में सबसे तेजी से बढ़ती उभरती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

नई दिल्ली ■ एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने ताजा रिपोर्ट में कहा है कि भारत 2025-26 में 6.6 फीसदी की वृद्धि दर से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सबसे आगे रहेगा। आईएमएफ ने यह अनुमान भारत की पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की मजबूत आर्थिक गतिविधियों को देखते हुए लगाया है, जिसने अमेरिका द्वारा लगाए गए नए आयात शुल्क का असर संतुलित किया। 2026 में वृद्धि दर थोड़ी कम होकर 6.2 फीसदी रहने की संभावना है। 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5 फीसदी रही थी, और सरकार ने 2025-26 के लिए 6.3-6.8 फीसदी का लक्ष्य रखा है। आईएमएफ ने कहा कि 2025 में वैश्विक वृद्धि दर 3.2 फीसदी और 2026 में 3.1 फीसदी रहने का अनुमान है, जो पिछले पूर्वानुमानों से थोड़ी कम है। मुद्रास्फीति में गिरावट की उम्मीद है, लेकिन अमेरिका में यह अभी भी लक्ष्य से ऊपर रह सकती है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की औसत वृद्धि 1.6 फीसदी और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की 4.2 फीसदी रहने की संभावना है।

## गावसकर बोले, ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों से छेड़छाड़ के आरोपी को सख्त सजा मिले



इंदौर।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावसकर ने विश्वकप के लिए भारत आयी ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों से हुई छेड़छाड़ पर नाराजगी जताते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस घटना से क्रिकेट जगत में बेहद गुस्सा है। ये दोनों महिला खिलाड़ी इंदौर में अपने होटल से एक कैफे की ओर जा रहीं थीं। तभी एक बाइक सवार ने उनसे छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने हालांकि आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं इस घटना पर गावसकर ने कहा, भारत भूमि 'अतिथि देवो भव' के लिए जानी जाती है। ऐसे में इस प्रकार की घटना होना बहुत शर्मनाक है। उम्मीद है कि कानून अपना काम करेगा और दोषी को कड़ी सजा मिलेगी। साथ ही कहा कि उसे जेल में डाल दो और चाबी फेंक दो। यही एक तरीका है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी इस घटना की निंदा की और कहा कि बोर्ड इस मामले से कड़ी से कड़ी कार्रवाई चाहता है। उन्होंने कहा, यह एक बेहद निंदनीय लेकिन अलग-थलग घटना है। भारत अपनी मेहमाननवाज़ी के लिए जाना जाता है। हम मध्य प्रदेश पुलिस का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने तुरंत कार्रवाई की।

## रोहित और विराट के विफल होने का इंतजार कर रहे लोगों को मिला जवाब : कैफ

नई दिल्ली ■ एजेंसी

पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में अच्छे प्रदर्शन पर रोहित शर्मा और विराट कोहली की सराहना की है। कैफ के अनसार कुछ लोग ये चाहते थे कि ये असफल हों जिससे इन्हें 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में शामिल नहीं करना पड़े। कैफ ने अनुसार रोहित और विराट ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में अपने प्रदर्शन से ऐसे लोगों को करारा जवाब दिया है। साथ ही कहा कि इन दोने का दक्षिण अफ्रीका में होने वाले 2027 विश्व कप में रहना बेहद जरुरी है क्योंकि वहां की की तेज़ पिचों पर अनुभवी और बेहतर तकनीक वाले खिलाड़ियों की ही जरुरत है। उन्होंने कहा कि टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, एकदिवसीय में ही ये दोनो खेल रहे हैं जिससे प्रशंसकों को इन्हें देखने का अवसर भी मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया में रोहित और विराट ने अपनी बल्लेबाजी से आलोचकों को जवाब दिया है।

## बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में गिरावट

नई दिल्ली ■ एजेंसी

बीते सप्ताह सरसों के अधिक दामों के कारण लिवाली प्रभावित रही। इसके चलते सरसों तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सरसों का पर्याप्त स्टॉक किसानों, स्टॉकिस्ट और सरकार के पास मौजूद है। सरसों दाना 7,000-7,050 रुपये/क्विंटल और सरसों दादरी तेल 14,650 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सोयाबीन तिलहन का नया एमएसपी 5,328 रुपए प्रति क्विंटल है, जबकि हाजिर बाजार 4,000-4,200 रुपए प्रति क्विंटल पर। कमजोर बिकवाली के चलते सोयाबीन तिलहन में मामूली सुधार हुआ, लेकिन दाम अभी भी एमएसपी से 20-22 फीसदी नीचे हैं। सोयाबीन तेल में आयातकों द्वारा लागत से कम दाम पर बिकवाली के कारण गिरावट दर्ज हुई। मूंगफली तेल-तिलहन स्थिर रहे। इंडोनेशिया की आयात मांग देखी जा रही है। वहीं मलेशिया में संभावित सट्टेबाजी खत्म होने से पाम-पामोलीन तेल में गिरावट हुई। कपास की आवक बढ़ने से बिनौला तेल के दाम में 200 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। सरकार को एमएसपी और तेल संयंत्रों की पेराई क्षमता पर ध्यान देना होगा। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम पर बिक्री से बचने और सरकारी खरीद में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## विराट ने सीमित ओवरों के प्रारुपों में तोड़ा सचिन का रिकार्ड

नई दिल्ली ■ एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने स्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में अपनी अर्ध शतकीय पारी के साथ ही एक नया रिकार्ड बनाया है। रोहित इस मैच के साथ ही सीमित ओवरों (एकदिवसीय और टी20) को मिलाकर बनाये रनों में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। सचिन ने केवल एक ही टी20 मैच खेला था, जिसमें उन्होंने 10 रन बनाए थे। वहीं एकदिवसीय क्रिकेट में उनके नाम सबसे अधिक 18426 रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड है। विराट एकदिवसीय में सचिन के सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड को तोड़ पाते हैं या नहीं ये तो समय बताएगा पर उन्होंने एकदिवसीय और टी20 मिलाकर बनाये रनों में में उन्हें जरूर पीछे छोड़ दिया है। है।विराट कोहली के नाम एकदिवसीय क्रिकेट में 14255 रन है, जो इस प्रारुप में दुनिया के किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाए गए दूसरे सबसे अधिक रन है। वहीं टी20 में उनके नाम 4188 रन दर्ज है। दोनो को मिला दें तो वह सबसे छोटे प्रारुप में भी सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में तीसरे पायदान पर हैं।

सीमित ओवरों एकदिवसीय व टी20 को मिलाकर सबसे ज्यादा रन विराट के नाम हैं

18443 - विराट कोहली
18436 - सचिन तेंदुलकर
15616 - के. संगकारा
15601 - रोहित शर्मा*
14143 - एम. जयवर्धने

## श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण अगले तीन सप्ताह तक नहीं खेल पायेंगे : बीसीसीआई

सिडनी ■ एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोटिल होने के कारण अगले तीन सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे। श्रेयस को



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में चोट लग गयी थी। अय्यर को एलेक्स कैरी का कैच पकड़ने के दौरान झटका लगा था जिसके बाद उन्हें तुरंत मैदान से बाहर जाना पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा कि श्रेयस को मैच के दौरान अस्पताल ले जाया गया था। शुरुआती जांच में उनकी मांसपेशी में झटका आया है। इस कारण उन्हें कम से कम तीन सप्ताह तक आराम करना होगा। वहीं रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि उन्हें ठीक होने में कितना समय लगेगा। वहीं अगर हल्का फ्रैक्चर पाया गया तो वापसी में और देर से हो सकती है। उनके 30 नवंबर से शुरू होने वाली दक्षिण अफ्रीका एकदिवसीय सीरीज से पहले फिट होने को लेकर भी संशय है।

## ब्रेसवेल, मिचेल की शानदार बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड ने पहले एकदिवसीय में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराया

### सीरीज में 1-0 की बढ़त मिली

माउंट माउंगानुई ■ एजेंसी

माइकल ब्रेसवेल 51 और डैरिल मिचेल नाबाद 78 की शानदार बल्लेबाजी से न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गए पहले एकदिवीय मुकाबले में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हैरी ब्रूक के शानदार 135 रनों की पारी से 223 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले 224 रन के लक्ष्य को न्यूजीलैंड ने 13.2 ओवरों में ही हासिल कर लिया। कीवी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआती विकेट खो देये पर ब्रेसवेल और मिचेल की



अर्धशतकीय पारियों से टीम को जीत मिल गयी। वहीं इंग्लैंड की ओर से ब्राइडन कार्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पहले ही ओवरों में विल यंग और केन विलियमसन को लगातार गेंदों पर आउट किया। ल्यूक वुड ने रचिन रविंद्र को पवेलियन भेजा, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर 24/3 हो गया। इसके बाद टॉम लैथम 28 और मिचेल ने 42 रनों की साझेदारी की पर कार्स ने लैथम को आउट कर इंग्लैंड को बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके बाद ब्रेसवेल और मिचेल ने 92 रनों की साझेदारी कर कीवी टीम को जीत दिला दी। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की ओर से ब्रूक ने आक्रामक पारी खेलते हुए 11 छक्के लगाकर 135 रन बनाये। उनका जेमी ओवरटन 46) ने अच्छा साथ दिया पर अन्य बल्लेबाज विफल रहे। न्यूजीलैंड की ओर से जकारी फॉल्क्स ने 4 विकेट लिए। वहीं इंग्लैंड की ओर से ब्राइडन कार्स ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए।

## हाई यूरिक एसिड की समस्या में गुड़ खाना चाहिए या फिर नहीं?



गुड़ में पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। दादी-नानी के जमाने से सर्दियों के मौसम में गुड़ खाने की सलाह दी जाती रही है। लेकिन जरूरी नहीं है कि हर किसी की सेहत पर गुड़ खाने से पॉजिटिव असर पड़ता हो। अगर आपको हाई यूरिक एसिड की समस्या रहती है, तो आपको गुड़ का सेवन करने से बचना चाहिए वरना आपको लेने के देने पड़ सकते हैं। आइए इसके पीछे की वजह को समझने की कोशिश करते हैं।

### क्यों नहीं खाना चाहिए गुड़?

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गुड़ में प्यूरीन तो नहीं होता लेकिन फ्रूक्टोज की अच्छी खासी मात्रा मौजूद होती है। अगर आपको हाई यूरिक एसिड या फिर गठिया की समस्या है, तो फ्रूक्टोज से भरपूर खाने-पीने की चीजें आपके लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकती हैं। आइए गुड़ के अलावा भी कुछ ऐसी चीजों के बारे में जानते हैं, जिनमें फ्रूक्टोज की मात्रा मौजूद होती है।

### फ्रुक्टोज युक्त फूड्स

चीनी और शहद में भी फ्रूक्टोज की मात्रा पाई जाती है। प्रोसेस्ड पैकेज्ड फूड्स और कार्बोनेटेड ड्रिंक्स में भी अच्छी खासी मात्रा में फ्रूक्टोज होता है। अगर आपको हाई यूरिक एसिड है, तो आपको इन चीजों से दूरी बना लेनी चाहिए। अगर आप यूरिक एसिड की समस्या पर काबू पाना चाहते हैं, तो आपको हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट प्लान को फॉलो करने की कोशिश करनी चाहिए।

### गौर करने वाली बात

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक यूरिक एसिड से जूझ रहे मरीजों को फ्रूक्टोज और प्यूरीन रिच फूड्स से परहेज करना चाहिए। यूरिक एसिड के स्तर को कम करने के लिए पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया जा सकता है। इसके अलावा चेरी और खट्टे फल भी यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में कारगर साबित हो सकते हैं। अगर आप चाहें तो लो फैट वाले डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन करना भी शुरू कर सकते हैं।

## क्या सफेद नमक खाने से किडनी खराब होती है? जानिए क्या कहते हैं डॉक्टर



आजकल की बिगड़ती हुई लाइफ स्टाइल और खराब खान-पान का सबसे ज़्यादा खामियाजा हमारी किडनी को उठाना पड़ता है। एक रिपोर्ट के अनुसार डायलिसिस में 25 से 30 की उम्र वाले मरीजों की तादाद पिछले 5-6 साल में तेजी से बढ़ी हैं। देश में 12 प्रतिशत पुरुष और 14 प्रतिशत महिलाएं किडनी की किसी ना किसी परेशानी की गिरफ्त में हैं और यही वजह है कि किडनी की बीमारी देश में मौत की पांचवीं सबसे बड़ी वजह बन गई है।

बता दें, किडनी बॉडी की अंदरूनी सफाई करती है। ब्लड में मौजूद वेस्ट को बाहर निकालकर शरीर को तंदरुस्त रखती है। इसे हेल्दी रखने के लिए एक्सपर्ट पानी ज़्यादा पीने और नमक कम खाने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या सफेद नमक भी किडनी के लिए हानिकारक है? इस बारे में जानने के लिए हमने शालीमार बाग में स्थित फोर्टिस अस्पताल में कंसल्टेंट-नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. भानु मिश्रा से बात की और उनसे यह पूछा की क्या सफेद नमक किडनी को खराब करती है। चलिए जानते हैं इस बारे में उनका क्या कहना है?

### जरूरत से ज्यादा खाना है नुकसानदायकः

डॉ. भानु मिश्रा कहते हैं कि सफेद नमक, जिसे हम आमतौर पर खाने में स्वाद के लिए इस्तेमाल करते हैं, शरीर के लिए ज़रूरी है क्योंकि इसमें सोडियम होता है। सोडियम हमारे शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखने, नसों और मांसपेशियों के सही काम करने में मदद करता है। लेकिन जब हम ज़रूरत से ज़्यादा नमक खाते हैं, तो यह नुकसानदायक साबित हो सकता है। अधिक नमक खाने से शरीर में सोडियम की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे ब्लड प्रेशर (हाई बीपी) बढ़ सकता है।

### हाई बीपी से किडनी होती है डैमेजः

लगातार हाई ब्लड प्रेशर रहने से किडनी पर ज़्यादा दबाव पड़ता है और धीरे-धीरे किडनी की फिल्टर करने की क्षमता कम हो सकती है। इससे किडनी डैमेज या फेल्योर का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए डॉक्टर सलाह देते हैं कि रोज़ाना नमक की मात्रा 5 ग्राम से ज़्यादा नहीं लेनी चाहिए।

अगर आपको ब्लड प्रेशर, डायबिटीज़ या किडनी से जुड़ी कोई बीमारी है, तो नमक का सेवन और कम करना चाहिए। सादा नमक की जगह आप रॉक सॉल्ट (सेंधा नमक) या लो-सोडियम सॉल्ट का उपयोग कर सकते हैं। संतुलित मात्रा में नमक खाना ही किडनी और दिल के लिए सुरक्षित है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने खाया जहर

**मऊरानीपुर।** जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार संतोष पुत्र जगदीश निवासी ग्राम बड़ा गांव को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि जहरीले पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ गई प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया

### दो महिलाओं को भी बिच्छू ने डंक मारा

**मऊरानीपुर।** बिच्छू द्वारा डंक मार देने से दो महिलाओं की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार श्याम बाई पत्नी आलम निवासी ग्राम नवादा व संगीता पत्नी तुलाराम निवासी ग्राम चकारा को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि बिच्छू द्वारा डंक मार देने से दोनों की हालत बिगड़ गई

### बाईक दुर्घटना में दो महिलाएं व युवती घायल

**मऊरानीपुर।** बाईक दुर्घटना में दो महिलाएं व युवती घायल हो गई जानकारी के अनुसार मालती पत्नी जानकी निवासी पुरानी मऊ, तारा पत्नी दयाराम निवासी ग्राम मथुपुरा एवं रक्षा पुत्री राकेश निवासी ग्राम ककवारा थाना टोड़ी फतेहपुर को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि बाईक दुर्घटना में तीनों लोग घायल हो गए प्राथमिक उपचार के बाद रक्षा की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया

### पुरातन छात्रों के स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित

**मऊरानीपुर।** मऊरानीपुर झाँसी क्षेत्र एवं नगर की प्राचीनतम एवं प्रतिष्ठित संस्था श्री लक्ष्मण दास दमेले इंटर कॉलेज मऊरानीपुर अपनी संस्था के पुरातन छात्रों के स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन 27 अक्टूबर 2025 दिन सोमवार प्रातः 11 बजे स्थान -श्री लक्ष्मण दास दमेले इण्टर कॉलेज मऊरानीपुर के प्रांगण में सम्पन्न कराना सुनिश्चित किया है ।जिसमें पुरातन छात्रों के संस्था के प्रति उनकी आस्था, प्रतिबद्धता, निष्ठा और संस्था के उन्नयन हेतु उनके अनुभवों के विचारों को श्रवण करने हेतु क्षेत्र एवं नगर के सभी संभ्रांत नागरिक अपनी सहभागिता करने का कष्ट करें।

### मां बेटे के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज

**मऊरानीपुर।** मां बेटे के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार ग्राम मेंढकी निवासी ओमप्रकाश ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 23 अक्टूबर की शाम 5.30 बजे गांव के ही बदटू श्रीवास विजय व हरबी ने उसके व उसकी मां ललती के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी देकर भाग गई पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया

### नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष का कल होगा स्वागत

**ललितपुर।** नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष सोनाली जैन के सम्मान में एक स्वागत समारोह का आयोजन जिला राठौर समाज के तत्वाधान में 28 अक्टूबर को किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष कन्छेदीलाल राठौर, महामंत्री मनोज राठौर व कोषाध्यक्ष अरविन्द राठौर ने संयुक्त रूप से बताया कि नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष सोनाली जैन, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, भाजपा नगराध्यक्ष भगत सिंह राठौर, वरिष्ठ भाजपा नेता कौस्तुभ चौबे, पार्षद जितेन्द्र राठौर का राठौर समाज द्वारा सम्मान समारोह रिमझिम गार्डन गेट नं. 2 में आयोजित किया गया है। उन्होंने सजातीय बंधुओं से कार्यक्रम में भागीदारी निभाने का आह्वान किया है।

### बुविसे ने बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण के लिए ग्राम सिलगन में जन जागरण रैली निकाली

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के जनजागरण के लिए एक दोपहिया वाहन रैली ललितपुर से ग्राम सिलगन तक एक दोपहिया वाहन रैली निकाली गई। इस मौके बुन्देलखण्ड प्रांत निर्माण के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। वाहन रैली के दौरान सिलगन ग्रामप्रधान पूरन सिंह की अगुवाई में 40 ग्रामीणों ने बुन्देलखण्ड विकास सेना की सदस्यता ग्रहण की गई। टीटू ने कहा कि राम राज्य की परिकल्पना बुन्देलखण्ड वासियों की समग्र खुशहाली और विकास के बगैर असम्भव है। उन्होंने जनजागरण रैली में ग्रामीणों से सहयोग और समर्थन मांगा और बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के औचित्य के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर सहयोग के आवाहन से प्रभावित होकर 40 लोगों ने बुविसे की सदस्यता ग्रहण करते हुए दोपहिया वाहन रैली में सहयोग का आश्वासन दिया।

# एडिशनल डीजीपी प्रकाश डी लक्ष्मी बाई सेवा संस्था के बच्चों से पहुंचे मिलने

भारतमत संवाददाता, झांसी



बरुआसागर की एकमात्र सामाजिक संस्था लक्ष्मी बाई सेवा संस्था, जो पिछले कई वर्षों से बरुआसागर दुर्ग की तलहटी पर जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है, अपने निस्वार्थ कार्यों से लगातार समाज में मिसाल कायम कर रही है। संस्था के कार्यों ने हमेशा ही वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है। इसी क्रम में संस्था के प्रयासों से प्रभावित होकर एडिशनल डीजीपी प्रकाश डी रविवार को स्वयं बच्चों से मिलने बरुआसागर दुर्ग पहुंचे। एडिशनल डीजीपी प्रकाश डी ने बच्चों से बातचीत करते हुए उनके हाल-चाल लिए और खेल-कूद के माध्यम से बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान उन्होंने बच्चों की पढ़ाई में आने वाली कठिनाइयों को समझा और उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया। प्रकाश डी ने बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए मिठाइयां वितरित की। एडिशनल डीजीपी प्रकाश डी ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सहारना करते हुए कहा कि लक्ष्मी बाई सेवा संस्था जिस समर्पण और निस्वार्थ भावना से समाज के वंचित वर्ग के लिए कार्य कर रही है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने संस्था को आगे बढ़ाने और बच्चों को बेहतर शिक्षा वातावरण देने के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। लक्ष्मी बाई सेवा संस्था पिछले चार वर्षों से निरंतर गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ-साथ अन्य शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध करा रही है। संस्था का यह सफर मात्र चार बच्चों से शुरू हुआ था, जब बरुआसागर दुर्ग की तलहटी में एक वृक्ष के नीचे शिक्षा दी जाती थी। संस्था के इस निस्वार्थ कार्य की सराहना पूर्व झांसी जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने अपने आकस्मिक भ्रमण के दौरान जब उन्होंने बच्चों को पेड़ के नीचे पढ़ते देखा, तो तत्काल बच्चों के लिए शेड की व्यवस्था करवाई, ताकि उन्हें बेहतर अध्ययन वातावरण मिल सके। वर्तमान में संस्था के कक्ष की स्थिति संतोषजनक नहीं है और बच्चों के अध्ययन सामग्री के रखरखाव में कठिनाइयां आ रही हैं। संस्था के संस्थापक रूपम सोनी ने इस विषय में एडिशनल डीजीपी प्रकाश डी को अवगत कराया और आग्रह किया कि बच्चों के लिए उपयुक्त व्यवस्था में अधिकारियों का सहयोग मिले, जिससे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चे बिना किसी बाधा के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। रूपम सोनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य को दिशा देना है। हम चाहते हैं कि हर बच्चा आत्मनिर्भर और सशक्त बने। संस्था के कार्यों को झांसी जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय-समय पर सराहा जाता रहा है। यह संस्था निस्वार्थ भाव और समर्पण के साथ बच्चों के जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलाने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर संस्था के साथी सत्यम साहू, भारती प्रजापति, पुष्पेंद्र रजक, अमरदीप बाजपेई, प्रशांत नामदेव, संजय रायकवार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालय में समन्वयक नामित हुए प्रो. मुन्ना तिवारी



भारतमत संवाददाता, झांसी

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय द्वारा प्रो. मुन्ना तिवारी, आचार्य, हिन्दी विभाग को विश्वविद्यालय परिसर में संचालित इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल एवं संस्कृत विषयों के सुचारू संचालन समन्वयक नामित किया गया है। प्रो. मुन्ना तिवारी का शिक्षण एवं प्रशासनिक अनुभव व्यापक रहा है। 1996 में परास्नातक की उपाधि प्राप्त करने के बाद उन्होंने किसान पी.जी. कॉलेज, सेवरही, तमकुहीराज में हिन्दी विभाग की स्थापना की और तत्पश्चात श्री भगवान महावीर पी.जी. कॉलेज, पावानगर, फाजिलनगर कुशीनगर में भी हिन्दी विभाग स्थापित करने का कार्य किया। मार्च 2000 में आयोग से नियुक्त होकर उन्होंने लगभग 18 वर्षों तक उसी संस्थान में कार्य किया। इसके उपरांत बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में आचार्य के रूप में स्थापना और विकास में योगदान देने का अवसर प्राप्त हुआ। उनके नेतृत्व में हिन्दी विभाग ने उल्लेखनीय प्रगति की और विश्वविद्यालय के प्रमुख विभागों में अपनी पहचान बनाई। विभागाध्यक्ष के रूप में दो कार्यकाल पूरे करने के बाद भी वे निरंतर विभागीय विकास और नवाचार के लिए सक्रिय रह रहें हैं। कुलपति द्वारा उन्हें पुनः विश्वविद्यालय परिसर में संचालित इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल एवं संस्कृत विषयों का समन्वयक नामित किया गया है। प्रो. तिवारी ने कहा कि यह उनके लिए विश्वविद्यालय में शैक्षणिक विकास की दिशा में एक नया अवसर है और वे इसे पूर्ण निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे।

## नहीं रही अशोक गुप्ता की मां इमरती देवी, हुई शोक सभाएं

**गुरसरांय (झांसी)।** नगर गुरसरांय के व्यापारी संतोष गुप्ता सिमरधा बाले,अशोक गुप्ता ग्राम विकास अधिकारी गुरसरांय,कैलाश गुप्ता की माताजी इमरती देवी का 82 बर्ष की आयु में निधन होने पर एक बैठक ग्राम विकास अधिकारी संघ के प्रमुख विनीत विश्वकर्मा की अध्यक्षता हुई जिसमें दिवंगत आत्मा शांति हेतु व शोक संतप्त परिवार को धैर्य शक्ति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसमें प्रमुख रूप से सुनील तिवारी,महेंद्र चौधरी,तेज सिंह निरंजन,देवेंद्र कुमार,महीपत सिंह,अतुल कुमार,प्रदीप सोनी,भरत व्यास,रजत अग्रवाल,अजय पाल सिंह सेंगर,अनुज पाठक,अंकुर द्विवेदी,उत्तम पटेल ठेकेदार,आशीष नगरिया,दीपक साहू,अवनीश सिंह परिहार सहित कई लोग मौजूद थे वही एक बैठक डॉक्टर एल0 आर0 मिश्रा की अध्यक्षता में एक शोक सभा संपन्न हुई। जिसमें दो मिनट का मौन धारण कर शोक संतप्त परिवार को धैर्य धारण करने की ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में प्रेमनारायण उर्फ प्रेमू यादव, रविन्द्र बरसैया,लखन गुप्ता, पप्पू बरगांय, रब्बू बरसैंया, संजीव बाबूजी, गोविंद सिंह ठाकुर,अश्विनी पस्तोर,संजू घोष, रजनीश त्रिपाठी,आशुतोष गोस्वामी, किशोर,सार्थक नायक, संजू परिहार, मोहन यादव फौजी,मुन्ना सेंगर आदि लोग शामिल रहे।

## गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती पर पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि




भारतमत संवाददाता, झांसी

ब्लाक सभागार में रविवार को महान स्वतंत्रता सेनानी, निर्भीक पत्रकार एवं समाजसेवी पं. गणेश शंकर विद्यार्थी जी की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बिरधा क्षेत्र के सभी सम्मानित पत्रकारों ने विद्यार्थी जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों ने विद्यार्थी जी के जीवन, उनके विचारों और पत्रकारिता में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी सच्ची और निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रतीक थे, जिन्होंने अपनी कलम को समाज और राष्ट्र सेवा का माध्यम बनाया। वे सत्य, न्याय और जनहित के लिए आजीवन संघर्षरत रहे। सभी पत्रकारों ने संकल्प लिया कि वे विद्यार्थी के आदर्शों पर चलकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और सत्य व निष्पक्षता की राह पर कायम रहेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रविंद्र सिंह, गौरव पाराशर, जितेन्द्र सिंह, अटल टोंटे, भरत किंकर, रवि भार्गव सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

# 15 दिनों से गढ़वई में पेयजल सप्लाई न होने से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

भारतमत संवाददाता, झांसी



लगातार 15 दिनों से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से ग्रामीणों को पानी जानबूझकर संबंधित विभाग के अधिकारियों के मनमानी के चलते न मिलने से और ग्रामीणों द्वारा अधिकारियों से बार-बार शिकायत करने के बाद भी कोई समस्या हल न होने के चलते आज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। जिसको लेकर ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर प्रदर्शन किया। विस्तृत जानकारी के मुताबिक विकासखण्ड बामौर तहसील गरौठा के ग्राम गढ़वई के बाशिंदाओं को गाँव में बनी जल निगम की टंकी से 15 दिनों से पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिससे महिला,पुरुष सभी गांव के लोग परेशान हो चुके हैं परेशानी के चलते गांव के लोगों में त्राहि-त्राहि मची हुई है और संबंधित विभाग अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी कोई समस्या का हल न होने से 26 अक्टूबर रविवार को ग्रामीणों ने मुख्य सड़क पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। बताया गया है कि पुलिस प्रशासन के पहुंचने के बाद ग्रामीण किसी तरह शांत हुए लेकिन उक्त समस्या का समाधान न होने पर लग रहा है ग्रामीणों का यह गुस्सा आखिर भविष्य में क्या रूप लेता है इसको लेकर गांव व क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से लेकर शासन से इस संबंध में जल्द बड़ी कार्यवाही की मांग की है और इसको लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने बालों में प्रमुख रूप से प्रमोद, पवन कुमार, कुलदीप अहिरवार, अरविंद कुमार, विक्की, धर्मपाल, श्यामलाल सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष मौजूद थे।

# मेधावी छात्र छात्रा वं अभिभावक अभिनन्दन समारोह आयोजित

भारतमत संवाददाता, झांसी



भारतीय वाल्मीकि, कल्याण महासभा के तत्वावधान में वाल्मीकि समाज के मेधावी छात्र-छात्राओ एवं अभिभावक अभिनन्दन समारोह राजकीय संग्रहाल्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र छात्रा एवं उनके अभिभावकों का सम्मान किया । कार्यक्रम का उद्घाटन संगठन के मुख्य संरक्षक राष्ट्रीय संयोजक राजेन्द्र खरे, मुख्य अतिथि अमित वाल्मीकि प्रदेश मंत्री विशिष्ठ अतिथि बृजकिशोर दोदेरिया कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मीनारायण सौदे ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश प्रभारी बन्टी करोसिया एवं प्रदेशाध्यक्ष जगदीश प्रसाद धारू ने किया तथा कार्यक्रम संयोजक सोनू पारोचे जिलाध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सन्तोष धावरी, सोनू पवार, रवि नरवारे, सुरेन्द्र महर्षि, मुकेश राम बग्गन, विजय टोक बहोरे, देवेन्द्र गौहर, ओम कुमार, बाबूलाल नखारे, सुरेश पवार, प्रेमनारायण सबैरे, विजय बाबूजी, पुनीत करोमिया, मधुर मारोठिया, नरेन्द्र कहारे, राजा महसौलिया, मनोज भगत जी, दीपू पेन्टर, दीपक महरौलिया, अनिल नाहर, श्रीमती मनीषा करोनिया, जितेन्द्र शहरदार, सचिन नरया, दीपक नाटर, विहारी लाल बरल, संजय चौहान अमर सिंह बग्गन, सहित वाल्मीकि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकार के पिता के निधन पर गरौठा पत्रकारों ने शोक सभा की

**गरौठा (झांसी)।** कस्बा गुरसराय के पत्रकार अंकित सेंगर के पिताजी श्री राघवेंद्र सेंगर का आकस्मिक 74 वर्ष की आयु में निधन हो जाने पर गरौठा मैं एक शोक सभा का आयोजन नेशनल पत्रकार एसोसिएशन के संरक्षक राजेश सिंह परिहार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें सभी पत्रकार साथियों ने पत्रकार अंकित सेंगर के पिताजी का निधन होने पर 2 मिनट का मोन धारण करके ईश्वर से उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर रामपाल सिंह यदुवंशी सलीम मंसूरी मिलन परिहार राजेंद्र सिंह बुंदेला रिंकू यादव मुबीन खान मुन्ना यादव विमल तिवारी सुरेंद्र तिवारी राजबहादुर सिंह बुंदेला प्रमोद गुप्ता राजकुमार तिवारी धीरू शर्मा छोटू यादव सहित आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज के दर्शन किए कवयित्री डॉ अनामिका जैन अम्बर



भारतमत संवाददाता, झांसी

मेडिकल कॉलेज गेट नं 3 से आगे निर्माणाधीन भगवान महावीर महातीर्थ में विराजमान मुनिश्री अविचलसागरजी महाराज के दर्शन करने पधारी अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री डॉ अनामिका जैन अम्बर ने मुनिश्री का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर कवयित्री ने मुनिश्री की प्रेरणा से संचालित दया भावना फाउण्डेशन के द्वारा हो रहे जीव रक्षा के कार्यों की सराहना करते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर अमृत पावन वर्षायोग समिति के अध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, स्वागताध्यक्ष अंकित सर्राफ, महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ, संयोजक प्रदीप जैन वर्धमान, प्यावल तीर्थ मंत्री खुशाल जैन, जिनेन्द्र जैन संकेत जैन, श्रीमति राखी जैन ने कवयित्री अनामिका जैन अम्बर, कवि पंकज एवं साथी कवियों का तिलक मल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इसके पूर्व ललितपुर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन का सम्मान भगवान महावीर लोक कल्याण समिति के मंत्री सुरेन्द्र जैन, अतुल जैन बंटी, अशोक जैन, करगुंवा तीर्थ मंत्री संजय सिंघई, चातुर्मास समिति के वरिष्ठ महामंत्री दिनेश जैन डीके, कोषाध्यक्ष ने किया। संचालन अमृत पावन वर्षायोग समिति के महामंत्री सौरभ जैन सर्वज्ञ एवं आभार व्यक्त किया।

# करंट लगने से हुई निजी कर्मचारी की मौत



**कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग**

भारतमत संवाददाता, ललितपुर

माताटीला रेलवे स्टेशन पर 25 अक्टूबर को करंट लगने से एक निजी कम्पनी के कर्मचारी की मौत हो गई। इस घटना के विरोध में रविवार को मृतक के परिजनों ने रेलवे स्टेशन के पास सीनियर इंजीनियर विद्युत कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। परिजनों ने निजी कम्पनी के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई और मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता की मांग की। मौके पर आरपीएफ और जीआरपी के कर्मचारी भी मौजूद रहे। कोतवाली सदर के नेहरू नगर निवासी 27 वर्षीय शिवम रायकवार पुत्र स्व.बलीराम ललितपुर रेलवे में कार्यरत एक निजी कम्पनी में टेक्नीशियन के पद पर पिछले एक साल से काम कर रहे थे। 25 अक्टूबर शनिवार को शिवम अपने दो अन्य साथियों, साबिर सहित माताटीला रेलवे स्टेशन के पास एक विद्युत खंभे पर एटी (अर्थिंग) का काम करने गए थे। सुबह करीब 11 बजे खंभे पर चढ़ते समय उन्हें अचानक करंट लगा और वे 12 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गए। साथ में काम कर रहे साबिर और अन्य साथियों की मदद से शिवम को तुरंत तालबेहट स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह 11 बजे मृतक के परिजन, रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। उन्होंने बताया कि शिवम अपने पिता के निधन के बाद परिवार में इकलौते बेटे थे और उनकी पत्नी गर्भवती हैं। परिजनों ने मांग की कि मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता राशि दी जाए और परिवार के एक सदस्य को नौकरी प्रदान की जाए। परिजनों का आरोप है कि कंपनी द्वारा शिवम को कोई भी सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे और न ही काम के दौरान मौके पर कोई सुपरवाइजर मौजूद था। झांसी रेल मंडल के पीआरओ मनोज कुमार ने इस पूरे मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

## बार पुलिस ने बस स्टैंड पर महिलाओ को दी आपातकालीन नंबरो की जानकारी



भारतमत संवाददाता, ललितपुर

उत्तर प्रदेश सरकार के 'मिशन शक्ति' अभियान के पाँचवें चरण के तहत बार कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर महिलाओं को जागरूक किया गया। उपनिरीक्षक राजेश कुमार और मुख्य आरक्षी मनोरमा देवी ने महिलाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी। मिशन शक्ति' अभियान की शुरुआत 17 अक्टूबर 2020 को हुई थी। वर्तमान में चल रहे 'मिशन शक्ति 5.0' का मुख्य उद्देश्य 'नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन' के साथ-साथ स्वास्थ्य और उद्यमिता जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत महिला बीट अधिकारियों की तैनाती, 'हाइजिंग माय टीम्स' जैसे कार्यक्रम और स्वास्थ्य हेल्पलाइन की शुरुआत जैसी कई गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। जागरूकता कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बार कस्बे के मुख्य बस स्टैंड के अलावा, थाना क्षेत्र के अन्य गाँवों में भी महिला सशक्तिकरण और महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान बार पुलिस द्वारा चलाया जा रहा है। गांवो में भी महिलाओं और बच्चियों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया, ताकि वे आवश्यकता पडने पर सहायता प्राप्त कर सकें। जागरूकता टीम में आरक्षी राहुल और प्रतिमा धीरेन्द्र भी शामिल रहें।

# मऊ प्रकरण में एकतरफा कार्यवाही का आरोप

**क्षत्रिय महासभा ने दिया ज्ञापन, निष्पक्ष जांच की मांग उठायी**

भारतमत संवाददाता, ललितपुर



अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने पुलिस अधीक्षक के नाम एएसपी कालू सिंह को एक ज्ञापन सौंपते हुये ग्राम पंचायत मऊ में हुये विवाद के बाद की गयी कार्यवाही को एक तरफा बताते हुये निष्पक्ष जांच के बाद कार्यवाही की मांग उठायी है। बताया कि ग्राम पंचायत मऊ में जगदीश सिंह परमार, देवेंद्र, रघुनंदन, अज्ञात दो पक्षो में बच्चों की लड़ाई को लेकर विवाद हो गया था, जिसमे दोनों पक्षों को चोटें आई थी।जिस पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली तालबेहट ने एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए जगदीश सिंह आदि पर मुकदमा लिख दिया गया, जो न्यायोचित नही है। एसपी से कि उच्च स्तरीय जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग उठायी गयी, इस दौरान एएसपी ने आश्वासन दिया। कोई दोषी बक्शा नही जाएगा, अति शीघ्र कार्यवाही होगी। जिस पर संगठन ने उनका आभार जताया। ज्ञापन में जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, महामंत्री भगवत सिंह बैस, धर्मेन्द्र सिंह परमार, राजेन्द्र सिंह, अजय प्रताप सिंह तोमर, जितेंद्र सिंह बैस, देवेंद्र सिंह चौहान, पष्पेंद्र सिंह बन्देला, अभिमन्यु सिंह बघेल, राजेन्द्र सिंह परमार, सत्यप्रताप सिंह परमार,यशपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह, दीपक राजा बुन्देला, वीपेंद्र सिंह परमार, भारत भूषण, नैतिक राजा, योगेन्द्र सिंह, जगत सिंह, साहब सिंह बुन्देला, चन्द्रभान सिंह, अमित राजा, विशेष राजा, सौरभ राजा, निशांत राजा, उदय प्रताप सिंह, जगत सिंह, अरुण राजा, सौरभ राजा आदि उपस्थित रहे।



# धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड डेब्यू करेंगे भुवन बाम

**बॉलीवुड एजेंसी**

पॉपुलर इन्फ्लूएंसर और कॉमेडियन भुवन बाम जल्द ही बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। वो धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली में दिखेंगे। हाल ही में भुवन ने धर्मा प्रोडक्शन के साथ फिल्म का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और अपने डेब्यू की ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है। भुवन बाम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से कॉन्ट्रैक्ट की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, सपने देखो दोस्तों, पूरे हो जाते हैं। इसके आगे कमेंट पिन कर भुवन ने लिखा, आपके सपोर्ट के बिना ये मुमकिन नहीं होता, हमेशा आपकी दुआएं चाहिए। भुवन की पोस्ट में लगातार सेलेब्स और फैंस की बधाइयां आ रही हैं। एक्टर राजकुमार राव ने पोस्ट पर कमेंट कर लिखा है, बहुत बहुत मुबारक मेरे भाई। अंकल आंटी की दुआओं और तुम्हारी कड़ी मेहनत का फल है। भुवन बाम ने धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म कुकू की कुंडली साइन की है। फिल्म में उनके साथ वामिका गब्बी नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन शरण शर्मा कर रहे हैं, जो इससे पहले जान्हवी कपूर स्टारर फिल्में मिस्टर एंड मिसेज माही और गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल डायरेक्ट कर चुके हैं। बॉलीवुड डेब्यू से पहले भुवन बाम ने जियो हॉटस्टार की सीरीज ताजा खबर से ओटीटी और एक्टिंग डेब्यू किया था। फिल्म कुकू की कुंडली के अलावा भुवन बाम के बाद अमेजन प्राइम वीडियो की अपकमिंग सीरीज द रिवोल्यूशनरी भी है, जो साल 2026 में रिलीज होने वाली है। इसमें भुवन के साथ रोहित सराफ, लापता लेडीज फेम एक्ट्रेस प्रतिभा रांटा, जेसन शाह और गुरफतेह पीरजादा भी अहम किरदारों में होंगे।



# कैटी पेरी के जन्मदिन पर साथ नजर आए जस्टिन ट्रूडो

**बॉलीवुड एजेंसी**

कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शनिवार को सिंगर कैटी पेरी के साथ नजर आए। यह मौका पेरी के जन्मदिन का था और पेरिस में सिंगर का जन्मदिन मनाते समय दोनों साथ में दिखाई दिए। दोनों के सार्वजनिक रूप से इस तरह से साथ नजर आने के बाद कहा जा रहा है कि उन्होंने अपने रिश्ते को कन्फर्म कर दिया है। ञरूं की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को पेरी और ट्रूडो पेरिस के मशहूर क्रेजी हॉर्स कैबरे शो से बाहर निकल रहे थे। थिएटर से बाहर आते ही उनके चारों ओर पैपराजी और फैंस इकट्ठा हो गए। हालांकि यह पहली बार नहीं है जब दोनों को साथ देखा गया है। सितंबर के महीने में दोनों कैलिफोर्निया के तट पर पेरी के यॉट पर रोमांस करते हुए भी नजर आए थे। डेली मेल के मुताबिक दोनों कैलिफोर्निया के सांता बारबरा तट पर कैटी की 24 मीटर लंबी यॉट पर थे। डेली मेल को मौके पर मौजूद एक शख्स ने बताया था कि कैटी का यॉट पास के छोटे पब्लिक व्हेल-वॉचिंग बोट के पास आया और इसके बाद ट्रूडो और पेरी ने साथ में समय बिताया। शख्स ने पेरी के हाथ के टैटू देखकर पहचाना कि वह ट्रूडो के साथ थीं। ट्रूडो ने साल 2023 में अपनी पत्नी सोफी से 18 साल पुरानी शादी खत्म कर दी थी। वहीं, कैटी पेरी का इस साल एक्टर ऑरलैंडो ब्लूम के साथ ब्रेकअप हुआ था। पेरी के ब्रेकअप के कुछ दिन बाद से ही उनकी ट्रूडो के साथ अफेयर की खबरें सामने आईं।





# फिल्म समारोह के सीईओ ने यौन शोषण के आरोप नकारे

**बॉलीवुड एजेंसी**

दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के सीईओ अभिषेक मिश्रा के खिलाफ गुरुवार को मुंबई (मालाड) के मालवणी पुलिस स्टेशन में एक गंभीर आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। अभिषेक मिश्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 और 351(2) के तहत यौन शोषण के आरोप लगाए गए हैं। शिकायत के अनुसार, 2017 में महिला और अभिषेक मिश्रा की पहचान फेसबुक के माध्यम से हुई। शुरू में दोनों के बीच दोस्ती हुई। बाद में फोन और इंस्टाग्राम पर बातचीत बढ़ी और दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम में बदल गई। शिकायत के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जून 2021 में अभिषेक मिश्रा ने भोजन के बहाने उसे एक होटल में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी ने विश्वास दिलाया था कि वह जल्द ही पीड़िता से शादी करेगा। 2022 में मई में भी उसने कार में बैठाकर और अलग-अलग लॉज में जबरदस्ती संबंध बनाने के लिए मजबूर किया। शिकायत में यह भी कहा गया कि जब पीड़िता ने शादी के बारे में पूछा, तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। 2025 में पीड़िता को पता चला कि वह किसी अन्य लड़की से शादी करने की योजना बना रहा है। सितंबर 2025 में अभिषेक ने महिला के ऑफिस पर आकर धमकी दी और प्राइवेट फोटो वायरल करने की धमकी दी।

# पंकज धीर को याद कर भावुक हुए बेटे निकितन

**बॉलीवुड एजेंसी**

पॉपुलर शो महाभारत में कर्ण का किरदार निभाकर मशहूर हुए एक्टर पंकज धीर का 15 अक्टूबर को निधन हो गया है। उनके बेटे निकितन धीर उन्हें कंधा देते हुए बेहद भावुक नजर आए। अब पिता के निधन के करीब 10 दिन बाद निकितन ने एक लंबी-चौड़ी भावुक पोस्ट शेयर कर कहा है कि उन्होंने अपना सबसे अच्छा दोस्त और गुरू खो दिया है। ये उनके परिवार के लिए झटका है। मैं अपनी भावनाओं को व्यक्त करने में अच्छा नहीं हूं, लेकिन मैं कोशिश करूंगा। कहावत है कि जन्म के साथ केवल एक चीज निश्चित है, मृत्यु। हम सभी इसे जानते हैं, स्वीकार करते हैं, मानते हैं, लेकिन जब कोई ऐसा व्यक्ति खो जाता है जो हमारे जीवन का अहम हिस्सा हो, तो बहुत से सवाल उठते हैं। 15 अक्टूबर 2025 को, मैंने अपना पिता, अपना गुरु, अपना सबसे अच्छा दोस्त खो दिया, श्री पंकज धीर। वह कुछ समय से अस्वस्थ थे, यह हमारे परिवार के लिए झटका था। आगे उन्होंने लिखा, %उनके निधन के बाद हमें हजारों मैसेजेस मिले, जो छोटे थे उन्होंने प्रार्थनाएं भेजीं, बड़े लोगों ने आशीर्वाद दिया और उनके दोस्तों, सहयोगियों और भाइयों ने प्यार भेजा। हमें पिता के प्रति ऐसा प्यार और सम्मान मिला जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। उस समय मैं मैसेजेस का जवाब देने की स्थिति में नहीं था। जैसे-जैसे कुछ दिन बीते और मैंने देखा कि उन्हें लगातार प्यार मिल रहा है, मुझे एहसास हुआ कि यही जीवन है, न कि हम जो भौतिक चीजे इकट्ठा करते हैं।



# नायरा बनर्जी ने बताया एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का सच

**बॉलीवुड एजेंसी**

एक्ट्रेस नायरा बनर्जी ने द फ्री प्रेस जर्नल के साथ एक्सक्लूसिव बातचीत में फ़िल्म इंडस्ट्री को लेकर कई बातें बताई हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे शुरुआत में उन्हें महिला होने के नाते अलग-अलग तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इंटरव्यू में नायरा कहती हैं- मेरा पहला फोटोशूट था और मैं छोटी बच्ची की तरह क्यूट पोज देती थी। लेकिन फोटोग्राफर मुझसे कहते कि तुमने क्या रिया सेन को देखा है? उसकी आंखों को देखो, उसके पोज देने के तरीके को देखो। मैं उस समय मात्र 16 साल की थी। और वो मुझे कहते कि रिया की तरह पोज करो। थोड़ा सेक्सी पोज दो। नायरा बताती है कि उस दौरान उनकी मां वहां मौजूद थीं और उनका रिएक्शन था कि फोटोग्राफर कह क्या रहे हैं? फोटोग्राफर मेरी मां से कहते कि मैडम वो फिल्म इंडस्ट्री में आ रही है इसलिए उसे ये सब करना होगा। अगर वह ऐसे पोज देगी और हॉट दिखेगी तो उसे जल्दी ही फिल्में मिल जाएंगी। इसी इंटरव्यू में जब उनसे इंडस्ट्री में मिलने वाले कंप्रोमाइज ऑफर के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया- 'मुझे भी इस तरह के कॉल आते थे। मुझे कमिटमेंट नाम की एक अजीब चीज के लिए कॉल आते थे। जो डायरेक्टर के साथ एक तरह का समझौता होता था। मैं सोचती थी कि कमिटमेंट क्या होता है? मेरी मां के सामने तो कोई मुझे ये नहीं बताता था, लेकिन जब क्रू मेंबर मुझे स्क्रिप्ट देने आते थे, तो वो कुछ इस तरह का इशारा करते थे। एक बार मुझे अचानक से कॉल आया और मैं गुस्सा गई और बोली कि अपनी मां को भेजो, अपनी बहन को भेजो या फिर खुद जाओ। नायरा के करियर की बात करें तो उन्होंने कम उम्र में ही इंडस्ट्री में एंट्री ले ली थी।

# फिल्मों में नहीं किया किस सीन, शादी से पहले रखी शर्त, बेटियों को गोद लेने पर हुई आलोचना

**बॉलीवुड एजेंसी**

'मस्त मस्त गर्ल' के नाम से मशहूर रवीना टंडन न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। पहली ही फिल्म पत्थर के फूल से एक्ट्रेस को हिंदी सिनेमा में अलग पहचान मिल गई थी, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने सिद्धांतों और शर्तों पर ही काम किया। रवीना ने कभी भी फिल्मों में किसिंग सीन नहीं किया। एक बार ऐसा हुआ कि एक हीरो के होंठ उनके होंठों से टच हो गए थे, तो एक्ट्रेस ने तुरंत ब्रश किया और उन्हें उल्टी तक आ गई थी। रवीना टंडन का जन्म 26 अक्टूबर 1974 में मशहूर फिल्म निर्देशक रवि टंडन के घर हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि फिल्मों में उनका डेब्यू कराने का श्रेय सलमान खान को जाता है। किरण जुनेजा के चैट शो 'इनसाइड टॉक' में रवीना ने सलमान से अपनी पहली मुलाकात का किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि जब वह प्रह्लाद कक्कड़ के साथ इंटर्नशिप कर रही थीं, तभी उन्हें पहली फिल्म 'पत्थर के फूल' का ऑफर मिला था। एक दिन उनके दोस्त बंटी ने अचानक उन्हें ऑफिस के बाहर बुलाया और सलमान से मिलवाया। उस समय सलमान जी.पी. सिप्पी के प्रोडक्शन में बन रही अपनी नई फिल्म 'पत्थर के फूल' के लिए एक नए चेहरे की तलाश में थे। बंटी ने सलमान से कहा कि वह एक बार रवीना को देख लें। शायद उनकी तलाश यहीं खत्म हो जाए। बस वहीं रवीना और सलमान की मुलाकात हुई और रवीना को फिल्म 'पत्थर के फूल' ऑफर हो गई। रवीना बताती हैं कि जब उन्होंने अपनी कॉलेज फ्रेंड्स को यह खबर दी कि उन्हें



सलमान खान के साथ फिल्म मिली है, तो सभी सहेलियां खुशी से झूम उठीं और उन्हें फिल्म साइन करने के लिए प्रोत्साहित करने लगीं। आखिरकार रवीना ने अपने पापा से इजाजत ली और फिल्म के लिए 'हां' कह दी। इसके बाद 17 साल की उम्र में रवीना ने बॉलीवुड में डेब्यू किया और पहली ही फिल्म हिट साबित हुई, जिससे उन्हें हिंदी सिनेमा में पहचान भी मिल गई। डेब्यू के बाद से ही रवीना टंडन का फिल्मी करियर शानदार चल रहा था। उनकी फिल्में लगातार हिट हो रही थीं और वह सफलता की ऊंचाइयों पर थीं, लेकिन इसी बीच महज 21 साल की उम्र (साल 1995) में उन्होंने एक ऐसा कदम उठाया जिसने सभी को हैरान कर दिया। एक्ट्रेस ने दो बेटियों पूजा और छाया को गोद ले लिया। इस फैसले के बाद रवीना को कई तरह की आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। हिंदुस्तान टाइम्स से बातचीत में उन्होंने उस दौर को याद करते हुए कहा था, जब मैंने पूजा और छाया को गोद लिया, तब वे 8 और 11 साल की थीं। उस वक्त लोगों ने कहना शुरू कर दिया कि ये मेरे अपने बच्चे हैं, जो मैंने शादी से पहले छिपाए हुए थे, लेकिन मेरा सवाल था जब मैं 21 साल की थी और वे 8 और 11 साल की थीं, तो मैंने उन्हें कब जन्म दिया? क्या जब मैं 11 या 12 साल की थी तब? रवीना ने आगे कहा- कुछ नेक आंटियों ने तो यहां तक पूछा कि अब मुझसे शादी कौन करेगा, क्योंकि मेरे पास पहले से ही बच्चे हैं, लेकिन मेरा मानना था कि जो मुझसे सच में प्यार करेगा, वह मेरी बेटियों, मेरे पालतू जानवरों और मेरी हर चीज से प्यार करेगा। ट्रोलिंग तो आज भी होती है। आप कुछ भी कर लो, लोग बोलेंगे ही। ऐसे लोगों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। बता दें कि रवीना की गोद ली बेटी छाया एक इवेंट मैनेजर है, वहीं पूजा एयर होस्टेस है। सलमान खान और रवीना टंडन के बीच एक दिलचस्प समानता यह है कि दोनों ने अपने करियर में कभी भी ऑन-स्क्रीन किसिंग सीन नहीं दिए हैं। रवीना ने हमेशा अपनी 'नो किसिंग पॉलिसी' को फॉलो किया। उनका मानना था कि किसिंग जैसी चीजें बहुत निजी होती हैं और वह पर्दे पर ऐसे सीन करने में सहज नहीं थीं। जब भी वह कोई फिल्म साइन करती थीं, तो पहले से ही शर्त रख देती थीं कि उनसे कभी भी किसिंग सीन नहीं करवाया जाएगा।

डैम परियोजना का पूर्व मंत्री सुरेश राठखेडा ने किया निरीक्षण

# सरकुला डेम से पोहरी के किसानों में खुशी

## 15000 हेक्टेयर से अधिक भूमि को मिलेगी सिंचाई, किसानों के चेहरों पर लौटेगी मुस्कान

पोहरी, ब्यूरो

जिले के पोहरी क्षेत्र की महत्वपूर्ण बहुद्देश्यीय परियोजनाओं में शामिल सरकुला डैम निर्माण कार्य का निरीक्षण पूर्व मंत्री सुरेश राठखेडा ने अपने काफिले के साथ किया। निरीक्षण के दौरान राठखेडा ने निर्माण क्षेत्र में चल रहे कार्य की जानकारी लेते हुए अधिकारियों के साथ बैठक भी की। सिंचाई विभाग के इंजीनियर ने पूर्व मंत्री को बताया कि परियोजना में लगभग 3,25 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। डैम तैयार होने के बाद इसमें लगभग 18 लाख घन मीटर (30 स्ष्टरू) पानी का भंडारण हो सकेगा। ÷अगले साल से डैम में पानी भरना शुरू हो जाएगा, जिससे लगभग 50 से 70 गांवों की 15000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान पूर्व मंत्री राठखेडा को इंजीनियर ने यह भी



बताया कि इस डैम से क्षेत्र के जलस्तर में भी उल्लेखनीय सुधार होगा जो पोहरी एवं आसपास के ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत होगी। डेम का निर्माण कार्य अगस्त 2026 तक पूर्ण हो जाएगा।पूर्व मंत्री राठखेडा ने कहा कि इस डैम को स्वीकृत कराने में श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया का विशेष सहयोग रहा। वन मंत्रालय से स्वीकृति दिलवाकर उन्होंने इस ऐतिहासिक परियोजना को गति दिलाई। यह डैम पोहरी क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और समय पर कार्य पूर्ण किया जाए ताकि किसानों को जल्द लाभ मिले।

### इनका कहना है

अब हर साल सिंचाई की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। डैम बनने से फसल उत्पादन बढ़ेगा और हमारी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।卐वही पेयजल की समस्या से भी निजात मिलेगी

**नेपाल वर्मा जनप्रतिनिधि**

यह हमारी वर्षों पुरानी मांग थी। पूर्व मंत्री जी और सिंधिया जी की मेहनत से सपना सच हो रहा है।

**आशुतोष जैमिनी जनप्रतिनिधि**

राठखेड़ा ने ली कार्यकर्ताओं की मीटिंग, लिया तैयारियों का जायजा

# महार्यमन सिंधिया आएंगे पोहरी, तैयारियां शुरू



पोहरी।आगामी 29 अक्टूबर को एमपीसीए के अध्यक्ष बनने के उपरांत महाआर्यमन सिंधिया के प्रथम नगर आगमन को लेकर पोहरी नगर में उत्साह का माहौल है। इसी क्रम में स्थानीय रेस्ट हाउस में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की तैयारी एवं आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ राठखेड़ा ने की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि श्रीमंत सिंधिया द्वारा प्रदेश में खेलों को नई दिशा देने की मंशा है, और पोहरी नगर उनके स्वागत को लेकर पूरी तरह तैयार तथा उत्साहित है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक व भव्य बनाने में सभी कार्यकर्ता अपनी पूरी जिम्मेदारी निभाएँ। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं के हित और खेल विकास को लेकर सिंधिया जी के नेतृत्व में क्षेत्र में नए अवसर तैयार होंगे। कार्यक्रम के दौरान नगर में विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और कार्यकर्ताओं द्वारा गरिमामयी स्वागत की व्यापक तैयारी की जा रही है। बैठक में जिला महामंत्री पृथ्वीराज जादौन,भाजपा मंडल आशुतोष जैमिनी रामेश्वर धाकड बैहटा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नेपाल धाकड डॉं हरिशंकर धाकड प्रदेश कार्य समिति सदस्य,एव युवा मोर्चा, सहित पोहरी बैराड के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने स्तर पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने हेतु जिम्मेदारियाँ तय कीं।

# मेडिकल कॉलेज में आयोजित कांन्फ्रेंस में पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जटिल रोगों के बारे में रखे अपने विचार

### 7 वीं नेशनल कांफ्रेंस ऑफ सोब्सआईकॉन 2025 का हुआ समापन

भारमतमत रिपोर्टर

शिवपुरी। श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्याल एवं चिकित्सालय शिवपुरी में अधिष्ठाता डॉक्टर डी.परमहंस के मार्गदर्शन एवं बायोमेस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉक्टर शशांक त्यागी के नेतृत्व में बायोकेमेस्ट्री विभाग द्वारा 4 दिवसीय आयोजित राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस सोब्सआईकॉन 2025 का समापन रविवार को हुआ।कॉन्फ्रेंस में देश एवं प्रदेश से आए हुए डॉक्टर एवं वैज्ञानिकों ने अपने शोध प्रस्तुत किये जिससे नवीन तकनीकी और जानकारी का आदान-प्रदान कर चिकित्सा शिक्षा को गुणवत्ता पूर्ण



बनाने में मदद मिल सके, जिससे आगामी भविष्य में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित किया जा सके। इसी के साथ-साथ चिकित्सक सामाजिक परिवेश में ईमानदारी से मरीजों को यथासंभव इलाज देकर समाज हित में कार्य करने पर विस्तृत विस्तृत चर्चा कर अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान एमपी मेडिकल काउंसिल के द्वारा नामित ऑब्जर्वर डॉक्टर कमल कच्छावा प्रोफेसर बायोकेमेस्ट्री विभाग जीएमसी दतिया के तत्वाधान में कॉन्फ्रेंस का निरीक्षण संपन्न हुआ।इस दौरान प्रोफेसर डॉ. धर्मवीर शर्मा ने बताया कि कांफ्रेंस में 200 से ऊपर देश प्रदेश के डॉक्टर्स एवं वैज्ञानिकों द्वारा शोध पत्र, पोस्टर प्रेजेंटेशन, यंग साइंटिस्ट सेशन चलाए गए। इन सेशन का मुख्य उद्देश्य युवा छात्र- छात्राओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आकर्षित करना है। सेशन के बाद शिव की नगरी शिवपुरी के टूरिस्ट स्थानों का भ्रमण कर सांस्कृतिक विरासत को अपने अपने मोबाइलों में सेल्फी के रूप में कैद किए गए। इस दौरान डीन डॉक्टर डी.परमहंस, अधीक्षक डॉक्टर आशुतोष चौऋषि एवं सोब्सआईकॉन 2025 के डॉक्टर सुखेश मुखर्जी एम्स भोपाल, डॉक्टर बी एस डाँगी पीपुल विश्वविद्यालय, डॉक्टर अनंत राखोन्डे, डॉक्टर पंकज शर्मा, डॉक्टर धर्मवीर शर्मा, सचिव डॉ ज्योति शुक्ला, डॉ शालिनी रत्नाकर, डॉ नरेन्द्र, सहायक पीआरओ राहुल अष्ठाना,सहित एमबीबीएस छात्र-छात्राओं,पैरामेडिकल स्टाफ सहित कॉलेज के स्टाफ उपस्थित रहे।

# पोहरी के भुवनेश्वर शिव मंदिर पर हुआ विशाल अन्नकूट भंडारा

### हजारों भक्तों ने अन्नकूट प्रसाद का लिया आनंद

पोहरी, ब्यूरो

नगर के आदर्श स्कूल के पास स्थित प्राचीन भुवनेश्वर शिव मंदिर परिसर में विशाल अन्नकूट का आयोजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। शाम से ही भक्तों की उमड़ी भीड़ के बीच हजारों लोगों ने पंक्तिबद्ध होकर बैठकर अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया और बाबा भुवनेश्वर से सुख-समृद्धि की मनोकामना के बारे मे बताया कि हर वर्ष की तरह इस साल भी भव्य स्तर पर आयोजन



किया गया। आयोजको ने कहा, ÷भक्तों के सहयोग और आशीर्वाद से ही यह विशाल आयोजन संभव हो पाया है। हमारा उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को प्रसाद मिले और सबके जीवन में खुशहाली आए। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा, भुवनेश्वर शिव मंदिर एक आस्था का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता, प्रेम और सेवा की भावना से जोड़ते हैं। आयोजकों ने आने वाले वर्षों में आयोजन को और भव्य बनाने का संकल्प व्यक्त करते हुए सभी भक्तों का धन्यवाद किया।

# जेल के नजदीक से ही किसानों की मोटर चोरी, ग्रामीणों में नाराजगी,पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज

पोहरी, ब्यूरो

थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों के हौसले लगातार बढ़ते नज़र आ रहे हैं। ताज़ा मामले में पोहरी जेल के पीछे स्थित कृषि फार्म से दो किसानों की पानी मोटर चोरी होने का मामला सामने आया है।फरियादी सोनेराम धाकड़ पुत्र स्व. ख्यालीराम धाकड़ उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम मुबारिकपुर, हाल निवासी कॉलेज के सामने पोहरी ने थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके फार्म के कुएं



में लगी पानी की मोटर को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाया गया। घटना 24 अक्टूबर की सुबह लगभग 7 बजे की है। वहीं पास में ही किसान शामीर खान की मोटर भी तलैया से चोरी हो गई। चोरी गई मोटरों की कुल कीमत लगभग 22 हज़ार रुपये बताई जा रही है। दोनों किसानों ने कहा कि मोटर मिलने पर वे पहचान कर लेंगे। घटना को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में नाराज़गी देखी जा रही है। ग्रामीण सोनेराम धाकड़ ने कहा रोज मेहनत से खेती करते हैं और सिंचाई के लिए मोटर ही सहारा है। चोर मोटर उठा ले जाते हैं और पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं, यह चिंता की बात है। तो वही ग्रामीण सामीर खान ने भी सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा ÷जेल जैसी सुरक्षा वाली जगह के पास चोरी होना समझ से परे है। पुलिस को गश्त बढ़ानी चाहिए। फिलाल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# घर के सामने से लापता हुआ 4 वर्षीय बालक, फिजीकल पुलिस ने सुरक्षित माता-पिता को सौंपा

भारमतमत रिपोर्टर

शिवपुरी। फिजीकल थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर के सामने से लापता हुए चार वर्षीय बालक को कुछ ही घंटों में सकुशल खोज लिया और परिजनों को सुपुर्द किया।जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर 2025 को आदेश श्रीवास्तव निवासी सिद्धेश्वर कॉलोनी, शिवपुरी ने थाने में सूचना दी थी कि उनका चार वर्षीय पुत्र दोपहर लगभग 1:30 बजे घर के बाहर खेलते-खेलते लापता हो गया है। सूचना मिलते ही फिजीकल थाना पुलिस का पूरा दल मौके पर पहुंचा और आसपास के क्षेत्र में बच्चे की तलाश शुरू की। साथ ही सोशल मीडिया और कंट्रोल रूम के माध्यम से भी जानकारी साझा की गई।कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि किसान बूट हाउस, माधव चौक के पास एक बालक मिला है। इस पर पुलिस टीम बच्चे के माता-पिता को लेकर मौके पर पहुंची और पहचान कराने पर लापता बालक को सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया गया।



फिजीकल थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीमवर्क और संवेदनशीलता का परिचय दिया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक नवीन यादव, प्रआर उदल गुर्जर (504), प्रआर अंकित सिंह राजावत (22), प्रआर सुशील जाट (486), आर हरिओम यादव (518), आर विजय मीणा (68) की सराहनीय भूमिका रही।

# ठेकेदार ने खोदे गड्ढे, गौ माता रातभर फँसी रही

पोहरी, ब्यूरो

वार्ड क्रमांक-3 पोहरी-बैराड़ रोड पर लक्ष्मी बाबड़ी मंदिर के पास बीएसएनएल ठेकेदार द्वारा बिना अनुमति किए जा रहे खुदाई कार्य ने अब जन-जीवन और पशुओं की सुरक्षा पर गंभीर खतरा खड़ा कर दिया है। सड़क किनारे खोदे गए कई गहरे गड्ढों को यूँ ही अधूरा छोड़ दिया गया है, जिन पर कोई सुरक्षा बैरियर या चेतावनी भी नहीं लगाई गई। देर रात एक गाय इन खुले गड्ढों में गिर गई और पूरी रात वहीं फँसी रही। सुबह ग्रामीणों ने देखा तो काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। इससे पहले भी ऐसी घटनाएँ कई बार हो चुकी हैं, जिनमें मवेशी घायल हो चुके हैं।

बिना अनुमति काम पर पहले भी लगी थी रोक , फिर भी ठेकेदार

### ठेकेदार की लापरवाहीसे गोमाता की जान संकट में



### इनका कहना है

रात में यहां अंधेरा रहता है, बच्चे और बाइक सवार कभी भी गिर सकते हैं। मवेशियों की जान पर बन आई है, प्रशासन को तुरंत एक्शन लेना चाहिए।

**(राजू परिहार निवासी पोहरी )**

आज गाय गिरी है, कल कोई आदमी गिरा तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी? यह सरासर लापरवाही है।

**(अजय धाकड़ निवासी पोहरी–)**

बेखौफ ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत पहले ही बीएसएनएल ठेकेदार को बिना स्वीकृति खुदाई रोकने का निर्देश दे चुकी थी। इसके बावजूद ठेकेदार ने मनमर्जी से फिर से खोदाई कर दी और गड्ढों को भरे बिना भाग गया।

# उपजेल पिछोर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर के माध्यम से बंदियों की समस्याओं को सुना और किया निराकरण

### सभी बंदियों के साथ दीपावली मिलन समारोह मनाते हुए मिठाई एवं कपड़े भी वितरण किए

भारमतमत रिपोर्टर

शिवपुरी-उपजेल पिछोर में अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन गतदिवस किया गया। कार्यक्रम में सिविल न्यायालय पिछोर के न्यायाधीशगण अतिरिक्त जिला न्यायाधीश राजेश कुमार अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती अग्रवाल मैडम सहित पुत्रगण, जिला न्यायाधीश पिछोर किशोर कुमार गहलोत सहित पुत्र, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर श्रीमती प्रियंका विश्वकर्मा, अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड पिछोर विकास विश्वकर्मा, उपजेल पिछोर



के जेलर अमरनाथ कटियार सहित जेल का समस्त स्टाफ एवं विधिक सेवा समिति कर्मचारी धर्मेन्द्र राजोरिया, पैरा लीगल वालंटियर भानु प्रताप, तथा न्यायालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि उपस्थित थे। इसके साथ ही विधिक साक्षरता शिविर कार्यक्रम के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुना गया और उनका समाधान भी किया गया। इसके पश्चात न्यायाधीश अग्रवाल द्वारा अपने पुत्र के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में उपजेल पिछोर में सभी बंदियों को कपड़े एवं मिठाई वितरण की गई एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया।कार्यक्रम के दौरान जेल में 93 बंदी उपस्थित थे। इन सभी बंदियों के बीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

# फरार बलात्कार आरोपी सागर आदिवासी गिरफ्तार

भारमतमत रिपोर्टर

शिवपुरी। थाना फिजिकल पुलिस ने अपराध क्रमांक 116/2025 में फरार चल रहे बलात्कार आरोपी सागर आदिवासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ-सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन-परिवहन, अवैध शराब नियंत्रण और नाबालिग बालिकाओं की बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अति. पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और सीएसपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।थाना फिजिकल क्षेत्र की एक फरियादिया ने 1 मई 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को सागर आदिवासी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। इस पर से अपराध क्रमांक 116/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई।विवेचना के दौरान 21 अक्टूबर 2025 को नाबालिग अपहृता को करौंदी कॉलोनी, शिवपुरी से बरामद किया गया। पीड़िता के कथनों के आधार पर मामले में धारा 64(2)एन, 65(1), 87 बीएनएस तथा 5(एल)/6 पाक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। इसके बाद 23 अक्टूबर 2025 को आरोपी सागर आदिवासी पुत्र बादाम आदिवासी (19 वर्ष), निवासी करौंदी कॉलोनी शिवपुरी को गिरफ्तार कर न्यायिक निरोध में भेजा गया।

# दिनारा पुलिस की कार्रवाई: 60 लीटर कच्ची शराब सहित महिला गिरफ्तार

भारमतमत रिपोर्टर

शिवपुरी। थाना दिनारा पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपीया शीला बाई कंजर को 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस अधिकारियों को अवैध शराब के खिलाफ सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इन्हीं निर्देशों के पालन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले और एसडीओपी करेरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में थाना दिनारा पुलिस ने यह कार्रवाई अंजाम दी।दिनांक 25 अक्बूर 2025 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने दिनारा-थनरा कच्चे रास्ते पर नर्सरी के पास दबिश दी और मौके से आरोपीया शीला बाई कंजर पत्नी स्व. अशोक कंजर, उम्र 58 वर्ष, निवासी ग्राम छितीपुर थाना दिनारा के कब्जे से नीले रंग की प्लास्टिक की कैन में भरी 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त की। आरोपीया को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह चौहान, चौकी प्रभारी रामानंद पचौरी, उप निरीक्षक सुल्तान सिंह, प्रधान आरक्षक हिमांशु चतुर्वेदी, रंजीत तिवारी, आरक्षक आशीष शर्मा और विशाल शर्मा की विशेष भूमिका रही।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक अरुण श्रीवास्तव, द्वारा भारतमत प्रेस, बी-15 एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित एवं 23-24 सतपुड़ा वाणी परिसर, इंदिरा प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल से प्रकाशित RNI Redg. No.MPHIN/2009/38556 संपादक- अरुण श्रीवास्तव, स्थानीय संपादक-शुभकरण पाण्डे, 0755-4903227, 09425675273